दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली।। शनिवार 08 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 239 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# राष्ट्रपति ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने का दिया न्यौता नौ जून को शपथ समारोह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद राष्ट्रपति भवन के बाहर मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने नई सरकार का रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव अमृतकाल का पहला चुनाव है। मोदी ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उसके संकल्प पूरा करने के लिए हमारे पास स्वर्णि अवसर है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने एनडीए को एक बार फिर सेवा का मौका दिया है, इसके लिए वे जनता का आभार प्रकट करते हैं।



उन्होंने कहा कि जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ नजर आ रहा है। 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 18वीं लोकसभा में भी उसी गति और समर्पण भाव से देश की आशा-आकांक्षा को पूर्ण करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। निवर्तमान प्रधानमंत्री ने कहा, एनडीए की बैठक में सभी घटक दलों ने मुझे नेता चुना है। सभी दलों ने राष्ट्रपति को समर्थन के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने मुझे न्योता दिया और कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। मोदी ने बताया कि उन्होंने नौ जून की शाम में शपथ के बारे में सूचित कर दिया है। शपथ ग्रहण का विस्तृत कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन से जारी किया जाएगा।

**पीएम मोदी ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, उस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे पास स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने एनडीए को एक बार फिर सेवा का मौका दिया है, इसके लिए वे जनता का आभार प्रकट करते हैं।**

# गाजियाबाद में तेजस एक्सप्रेस हुई डिरेल, बड़ा हादसा टला स्टेशन पर पहुंचने से पहले पटरी से उतरीं दो बोगियां

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार की सुबह गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर तेजस एक्सप्रेस डिरेल हो गई। तेजस एक्सप्रेस की दो बोगिया गाजियाबाद स्टेशन से 100 मीटर पहले पटरी से उतर गई थी। तेजस एक्सप्रेस के डिरेल होने से हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। यह देखकर लोगों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

## कब और कैसे हुई डिरेल

शुक्रवार की सुबह गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर तेजस एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। इस घटना के बाद मौके पर आरपीएफ और रेलवे के अधिकारी मौजूद है। बताया जाता है कि ट्रेन के पीछे लगेज के बाद कि बोगी के पहिये पटरी से उतरे हैं। जिस समय हादसा हुआ उस समय तेजस एक्सप्रेस दिल्ली जा रही थी। मौके पर पहुंचे अधिकारी घटना के बारे में छानबीन कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई साजिश तो नहीं है। जानकारी के अनुसार, घटना प्लेटफार्म नंबर चार से करीब 100 मीटर पहले की है। गनीमत रही कि स्टेशन आने के चलते ट्रेन की रफ्तार धीमी थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामले की सूचना मिलते ही आनन-फानन आरपीएफ और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डिरेल बोगी में सवार यात्रियों को दूसरी बोगी में बैठाकर भेजा गया।



**जिस समय हादसा हुआ उस समय तेजस एक्सप्रेस दिल्ली जा रही थी। मौके पर पहुंचे अधिकारी घटना के बारे में छानबीन कर रहे हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस घटना के पीछे कोई साजिश तो नहीं है।**

## काफी समय से कुछ असामाजिक तत्व निशाना बना रहे

बता दें तेजस एक्सप्रेस और वंदे भारत को काफी समय से कुछ असामाजिक तत्व निशाना बना रहे हैं। वंदे भारत में कई बार पथराव कर उसके शीशे क्षतिग्रस्त कर दिए गए थे। अब तेजस एक्सप्रेस का डिरेल होना कहीं हादसा या साजिश तो नहीं इसकी जांच के आदेश रेलवे ने दिए है।

# सांसद अतुल गर्ग व विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया यूपी स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गत 4 जून से चल रहे यूपी अंडर-19 बैडमिंटन टूर्नामेंट का विधिवत समापन नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग एवं मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। टूर्नामेंट के समापन समारोह की अध्यक्षता गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसियेशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन एसोसियेशन के सचिव नरेंद्र शर्मा ने किया। विस्तृत खबर पेज-8 पर

# क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने लिखा अपर मुख्य सचिव को कड़े शब्दों में लैटर पुलिस अधिकारियों को किया टारगेट और कहा मैं यहां रहूं या अन्य राज्य में ले लूं शरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों के बाद क्रान्तिकारी विधानसभा के क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने शान्ति त्यागी है और उन्होंने एक कड़ा पत्र अपर मुख्य सचिव-गृह, उत्तर प्रदेश शासन को लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने समाचार पत्रों के बयान का हवाला देते हुए पुलिस अधिकारियों को टारगेट किया है। उन्होंने गनर वापस करने को लेकर सवाल उठाया है। विधायक ने अपने पत्र में ये भी कहा है कि मुझे मुख्यमंत्री से मिलने के लिए कहा गया। उन्होंने पुलिस अधिकारी द्वारा सुरक्षा उपलब्ध कराने के मानकों को लेकर सवाल उठाया है और सबसे बड़ी बात ये है कि सत्ताधारी दल के विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपर मुख्य सचिव गृह को पत्र लिखकर ये पूछ लिया है कि जनपद में ऐसी ध्वस्त कानून व्यवस्था के बीच असुरक्षित माहौल में मैं यहां रहूं या अन्य राज्य में शरण ले लूं।



## मुझे कहा गया सीएम से मिल लो सुरक्षा मिल जायेगी

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारी पर निशाना साधा और कहा कि मैंने पुलिस अधिकारी से पूछा था कि आपने अनुशासनहीनता दिखाते हुए और अपमानित करने के उद्देश्य से यह बयान क्यों दिया है क्योंकि मैंने आपसे कभी सुरक्षा नहीं मांगी है। इस पर पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह के कहने पर आपकी सुरक्षा हटायी गई है। आप सीएम से मिल लो आपको सुरक्षा मिल जायेगी। मैंने इस सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराया था लेकिन सीएम की व्यस्तता के कारण उनका समय नहीं मिलने से भेंट नहीं हो पाई। विधायक ने आरोप लगाया कि शासन के कई नामजद अपराधियों को शासन का आदेश बताकर सुरक्षा उपलब्ध करायी गई। विधायक ने पत्र के अंत में कहा है कि ऐसे असुरक्षित माहौल में मैं यहां रहूं या फिर अन्य राज्य में शरण ले लूं।

## विधायक ने लिखा मेरे आवास पर पुलिस कर्मियों को यह कहकर भेजा जाता था

**करंट क्राइम।** विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने पत्र में ये लिखा है कि मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि मेरे आवास पर पुलिस कर्मियों को यह कहकर भेजा जाता था कि आप वहां पहुंचकर लोकेशन के साथ अपनी फोटो पुलिस लाइन में जमा कराते हुए लिखकर दे दें कि हमें अपनी सुरक्षा में रखने से मना कर दिया है। प्रतिदिन यही प्रक्रिया पूरे चुनाव के दौरान अपनायी गई, जिससे मैं चुनाव प्रचार से दूर रहूं। इसी तरह का षडयंत्र मुरादनगर के विधायक के साथ भी किया गया।

# नगर आयुक्त की गहन मॉनिटरिंग से कूड़ा कलेक्शन का आया बेहतरीन रिजल्ट

## खुद मौके पर पहुंचकर करते हैं आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त के रूप में आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक कूड़ा कलेक्शन को लेकर एक-एक चीज पर बारीक निगाह रख रहे हैं। वो मौके पर खुद जा रहे हैं और इस बात की जानकारी लेते हैं कि शहर से नियमित रूप से कूड़े का उठान हो रहा है या नहीं हो रहा। कूड़ा कलेक्शन करने वाले वाहनों के ड्राइवरों और हेल्परों का ड्रेस कोड निर्धारित किया है। नगर आयुक्त ने कूड़े को लेकर व्यापक योजना बनाई है। वो ट्रिपल सेंटर का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तो गीता कचरा और सूखा कचरा अलग करने के लिए नागरिकों की जिम्मेदारी भी तय कर रहे हैं।








## अलग-अलग होगी हर घर में डस्टबिन निगम कर रहा है जागरूक

**करंट क्राइम।** गीला कचरा अलग तथा सूखा कचरा अलग करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है जिसके लिए गाजियाबाद नगर निगम जन-जन को जागरुक कर रहा है। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की योजना के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम की स्मार्ट वर्किंग देखने को मिल रही है। अलग-अलग डस्टबिन रखने के लिए हर घर को जागरूक किया जा रहा है। पांचो जोन में कचरा पृथक्करण को लेकर मुहिम चल रही है। कई शहर की जागरूक नागरिक कचरा पृथक्करण को अपना रहे हैं। कूड़ा वाहनों का नियमित पहुंचना शहर को कूड़े की समस्या से निजात दिला रहा है। जनप्रतिनिधियों की सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम कचरा निस्तारण की समस्याओं पर विशेष कार्यवाही कर रहा है।





## प्रतिदिन 1600 टन कूड़े का उठान करने वाले ड्राईवर-हेल्पर के लिए जारी होगा ड्रेस कोड

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त के नेतृत्व में जनहित में बेहतर कार्य कर रहा है। इसी के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं तथा कार्य शैली में भी निरंतर बदलाव किया जा रहा है जिसमें डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और वाहनों की मॉनिटरिंग प्रबल होती दिखाई दे रही है। नियमित कूड़े का उठान हो रहा है, प्रतिदिन लगभग 1600 टन कूड़े का उठान गाजियाबाद नगर निगम शहर से कर रहा है। 600 से अधिक पांचो जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन यहां कार्य कर रहे हैं। वाहनों पर कार्य करने वाले ड्राइवर तथा हेल्पर के लिए भी नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार ड्रेस कोड की व्यवस्था की गई है। अब गाजियाबाद नगर निगम के वाहनों पर ड्राइवर तथा हेल्पर भी ड्रेस में दिखाई देंगे ताकि कार्य करने वाली टीम का अलग से पहचान की जा सके।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और वाहनों की पता चलेगी सही लोकेशन

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा आई ट्रिपल सी सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें नगर आयुक्त द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की जीपीएस मॉनिटरिंग को देखा गया। नगर आयुक्त द्वारा व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम हेतु किया जा रहे कार्यों को मौके पर देखा तथा टीम के साथ वार्ता करते हुए बेहतर और स्मार्ट वर्किंग के लिए मोटिवेट भी किया। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे हुए जीपीएस सिस्टम सही प्रकार से कार्य करें और उनकी सही लोकेशन का तथा सही समय का प्रतिदिन चार्ट तैयार किये जाने के निर्देश दिए। वाहन चालकों पर भी पूरी नजर विभाग द्वारा बनाई जाए इसके लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को निर्देश दिए गए। गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन की वर्किंग को भी स्मार्ट बनाये जाने और वाहनों पर कार्य करने वाले ड्राइवर तथा हेल्पर के लिए भी ड्रेस कोड की व्यवस्था किये जाने के लिए भी कहा गया।

# ईवीएम की अर्थी जुलूस निकालने वालों के मुंह पर 4 जून को लगा ताला : पीएम मोदी

## मैं दुनिया में ढोल पीट रहा हूं कि हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी हैं और ये दुनिया में जाकर बता रहे हैं कि डेमोक्रेसी नहीं हैं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 4 जून को चुनाव के नतीजे आ रहे थे, मैं अपने कुछ काम में व्यस्त था। बाद में मुझे फोन आने लगे। मैंने किसी को पूछा कि आंकड़े तो ठीक हैं। मुझे ये बताओ कि ईवीएम जिंदा है या मर गया। 4 जून के पहले ये लोग (इंडी गठबंधन) ईवीएम को लगातार गाली दे रहे थे और ये लोग तय करके बैठे थे कि भारत के लोकतंत्र की प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास ही उठ जाए। मुझे तो लगता था कि इस बार ये लोग ईवीएम की अर्थी जुलूस निकालेंगे, लेकिन 4 जून की शाम आते-आते उनके मुंह पर ताले लग गए, ईवीएम ने उनको चुप कर दिया। ये भारत के लोकतंत्र की ताकत है। ये भारत की निष्पक्षता की ताकत है। मैं आशा करता हूं कि अगले 5 साल ईवीएम नहीं सुनाई देगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैंने चुनाव के समय पहली बार देखा है, शायद हर तीसरे दिन चुनाव आयोग के काम में रुकावट आए। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाए गए। इस काम में एक ही टोली थी। सुप्रीम कोर्ट का उपयोग करते हुए कैसे रुकावट डाले, इसका निरंतर प्रयास करते रहे और चुनाव आयोग की ताकत का एक बड़ा हिस्सा अदालतों में वो चुनाव के पीक आवर्स में यानी कितनी निराशा लेकर के यह लोग मैदान में आए थे कि उन्होंने पूरा हमला उस इंस्टीट्यूट पर लगा दो, ताकि चुनाव का कोई भी परिणाम आए ताकि हम भारत को भी दुनिया के सामने बदनाम कर लें। इस षड्यंत्र का हिस्सा था। लेकिन, देश इन लोगों को कभी भी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले ईवीएम का विरोध करते हैं, मैं इसे सिर्फ चुनाव के रूप में नहीं देखता हूं। मैं मानता हूं ये लोग मन से पिछली शताब्दी की सोच वाले लोग हैं। वह टेक्नोलॉजी को महत्व नहीं देते हैं और न इसे स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि ये सिर्फ ईवीएम में ही नहीं दिखाई दिया है, यूपीआई में दिखा। हमने कहा कि हिंदुस्तान के लोग डिजिटल ट्रांजैक्शन करेंगे। फिनटेक की दुनिया में आज हिंदुस्तान का नाम हो गया। ये मानने को तैयार नहीं हैं। आधार आज देश की एक पहचान बना है। कई देश कहते हैं कि हमें भी आधार की पद्धति से आगे बढ़ना है, आप कैसे मदद कर सकते हैं। उस आधार को लेकर बार-बार सुप्रीम कोर्ट में जाकर परेशानी पैदा की। इंडी गठबंधन के लोग प्रगति, आधुनिकता, टेकनोलॉजी के विरोधी हैं। उन्होंने आगे जिक्र किया कि मैं दुनिया में ढोल पीट रहा हूं कि हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी हैं और ये दुनिया में जाकर बता रहे हैं कि डेमोक्रेसी नहीं है।, मोदी आकर बैठ गए हैं, एक चाय वाला यहां पर कैसे पहुंच गया। कुछ तो गड़बड़ की होगी। इनका चुनाव प्रक्रिया के प्रति भारत के लोगों पर अविश्वास पैदा करने का षड्यंत्र है। मैं मानता हूं कि अब दुनिया भी भारत के लोकतंत्र की विविधता, विशालता, व्यापकता और गहनता सबको जानने और समझने के लिए आकर्षित होगी। ऐसे में इस बार के चुनाव के नतीजे देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद दो दिनों तक कुछ लोगों ने ऐसा माहौल बनाया कि हम लोग हार गए। लेकिन, देशवासी जानते हैं कि हम ना तो हारे थे, ना ही हारे हैं। हमारे संस्कार ऐसे हैं कि विजय से उन्माद पैदा नहीं होता और हम पराजय का उपहास भी नहीं करते हैं।

## इंडी गठबंधन का साम्राज्य झूठ पर खड़ा : नायब सिंह सैनी



**नई दिल्ली।** केंद्र में नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो चुकी है। नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। एनडीए ने सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया है और 9 जून को पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। पीएम मोदी को एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाने और सरकार बनाने के लिए दावा पेश करने के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बन रही है, इसमें कोई संशय नहीं है। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, महिलाओं, किसानों और युवाओं के हित में जो काम किए हैं, उसे और गति से किया जाएगा।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर सीएम सैनी ने हमला बोलते हुए कहा कि इंडी गठबंधन का साम्राज्य झूठ के ऊपर खड़ा है। उन्होंने जिस तरह से झूठ बोलकर लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा की, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आने वाले समय में यह ढ़ह जाएगा। हरियाणा में हमारी सरकार मजबूत है।

बता दें कि संसद भवन में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में एनडीए के तमाम घटक दल के नेता शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता नामित करने का प्रस्ताव रखा। राजनाथ सिंह के प्रस्ताव पर एनडीए के तमाम घटक दल के नेताओं ने समर्थन किया।

## न्यूज डायरी

### 'बदलाव की आंधी रुकने वाली नहीं', यूपी में सपा के बेहतरीन प्रदर्शन पर फहीम इरफान



**मुरादाबाद।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अब सरकार बनाने की कवायद तेज हो चुकी है। दिल्ली में शुक्रवार को एनडीए की बैठक हुई। इस दौरान पीएम मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया। एक तरफ जहां नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है, वहीं दूसरी तरफ राजनीतिक बयानबाजियां भी जारी हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के विधायक फहीम इरफान ने उत्तर प्रदेश में पार्टी की जीत पर बड़ा बयान दिया है। सपा विधायक फहीम इरफान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जो फैसले लिए हैं, वह प्रदेश और देश की जनता के हित में थे। सपा और इंडिया गठबंधन ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि हम लोगों ने कई सीटों पर बेहतर जीत दर्ज की। यह बदलाव की आंधी अब उत्तर प्रदेश में रुकने वाली नहीं है। आने वाले समय में इंसानियत, ईमानदारी, सच्चाई और मोहब्बत का राज होने वाला है। लोगों ने ऐसे फैसले लिए जो जनता और प्रदेश के हित में हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को यह महसूस हो रहा था कि उन्हें ठगा जा रहा है। इस सरकार के शासन में सभी लोग परेशान रहे हैं। व्यापारी, नौजवान, किसान सब इस सरकार से परेशान थे। लोगों के जीने का तरीका बदल गया था, इसलिए लोगों ने यह मन बना रखा था कि अब बदलाव करना है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में धर्म का कोई मुद्दा नहीं था। इस चुनाव में भ्रष्टाचार, पेपर लीक और बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा था। उन्होंने कहा कि सरकार काम करने के लिए, विकास करने के लिए, लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए बनती है। लेकिन केंद्र और प्रदेश की सरकार ने जनता के लिए कोई ऐसा काम नहीं किया है। लोगों को महसूस हो रहा था हम लोग ठगे जा रहे हैं। इस सरकार के शासन में नौजवान से लेकर किसान तक परेशान थे, इसलिए लोगों ने मन बना लिया कि जैसे हमने इन्हें बनाया है, वैसे ही हम उन्हें उतारेंगे।

### 'सरकार ने परीक्षा व्यवस्था का मजाक बनाया', पेपर लीक पर बोले कन्हैया कुमार




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने पेपर लीक मामले पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अब सोशल मीडिया पर एक बार फिर लीकेज सरकार लिखना शुरू कर दिया है। परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक होने, परीक्षा की तारीखें बढ़ाने, रिक्तियों को समय पर नहीं भरने के कई मामले उजागर होते रहे हैं। भाजपा पर हमला करते हुए कन्हैया कुमार ने कहा कि इस सरकार ने देश की परीक्षा व्यवस्था को मजाक बना दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले 'परीक्षा पर चर्चा' होती है, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद पूरे पांच साल तक परीक्षा में धांधली होती रहती है। समय पर परीक्षा नहीं होती है और रिक्तियों पर प्रधानमंत्री कोई बात नहीं करते। 30 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। यूपीएससी को छोड़कर सभी परीक्षा में धांधली होती है, अगर स्थिति ऐसी ही रही तो आने वाले दिनों में यूपीएससी की परीक्षा में भी धांधली होने लगेगी। कन्हैया कुमार ने कहा कि नीट की परीक्षा में 67 छात्रों ने संयुक्त रूप से टॉप किया है। सभी को 720 में पूरे 720 अंक मिले हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के निदेशक ने कहा कि ग्रेस देकर इन लोगों को हमने फुल मार्क्स दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स में मात्र 50-60 छात्रों का एडमिशन होता है। इसका मतलब यह है कि जिनका रैंक पहला है, जिन्हें शत-प्रतिशत नंबर मिले हैं, उनका भी एडमिशन एम्स में नहीं होगा। कांग्रेस ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में लाखों परीक्षार्थियों के साथ घोटाला पूरी तरह से अस्वीकार्य और अक्षम्य है। यह देश के लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है, जिसकी सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में उच्च स्तरीय जांच तुरंत होनी चाहिए।

### संसदीय दल के नेता चुने गए पीएम मोदी, उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में एनडीए को जीत मिली और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इसे लेकर उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल देखने को मिला।

इस दौरान मौजूद एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया है। अब यह तय हो चुका है कि एनडीए मिलकर नई सरकार का गठन करने जा रही है। यूपी की राजधानी लखनऊ में इस बात को लेकर भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल है।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। भाजपा मुख्यालय में आयोजित जश्न में पार्टी की महिला कार्यकर्ता भी शामिल रहीं। कार्यकताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने पुराने वैभव को प्राप्त करने के लिए बढ़ रहा है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में एनडीए परिवार 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' के निर्माण और 140 करोड़ परिवारजनों की सेवा हेतु पूर्णत: संकल्पित हैं। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के शिल्पकार, अमृतकाल के सारथी प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से भाजपा संसदीय दल, एनडीए संसदीय दल और लोकसभा के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई।

## भाजपा के सामने नतमस्तक होने के बजाय देश और बिहार के हित में फैसला लें नीतीश कुमार : राजद




**पटना।** दिल्ली के संसद भवन में एनडीए के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक में नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना गया है। इस दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोला है। नीतीश कुमार ने कहा कि अभी जो लोग जीत गए हैं, उनकी अगली बार करारी हार होगी। विपक्ष के नेता बिना मतलब की बात कर रहे हैं। आज तक उन्होंने कोई काम नहीं किया है और न ही देश की कोई सेवा की है। इस बार मोदी को जो मौका मिला है, अब देश और बिहार आगे बढ़ेगा। इन पांच सालों में बचे हुए विकास के सभी काम पूरे होंगे। नीतीश कुमार के इस संबोधन के बाद राजद हमलावर हो गई है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सीएम नीतीश कुमार को पिछली बार एक मंत्री पद मिला था, जिसके बाद उनकी बहुत सारी नाराजगी सामने आई थी।

इस बार बहुत ज्यादा खुश हैं। इस बार वे किंगमेकर की भूमिका में हैं। ये सरकार में शामिल भले ही हों, लेकिन उनको बिहार की जनता का हित आगे रखना चाहिए। भाजपा के सामने नतमस्तक नहीं होना चाहिए। उनको यह देखना चाहिए कि देश और बिहार का हित कहां है। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि जब नीतीश कुमार सरकार में शामिल हो रहे हैं तो उन्हें पुरानी मांगों का ख्याल रखना चाहिए। विशेष राज्य और विशेष पैकेज बिहार को दिलाना चाहिए। आगे-आगे देखिए होता है क्या? देखना होगा कि कितने मंत्री जदयू कोटे से होंगे? जनता वेट एंड वाच की स्थित में है। एनडीए की नैया का पतवार नीतीश और चंद्रबाबू नायडू के हाथों में है। सीएम नीतीश कुमार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने के सवाल पर मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि नीतीश कुमार जी को ये शोभा नहीं देता।

नीतीश कुमार एक सीनियर लीडर हैं और बिहार के मान सम्मान को झुकाए नहीं। जो वीडियो आया है वो बिहारवासियों को अच्छा नहीं लगा है।

## फैजाबाद सीट पर भाजपा की हार के बाद अनिल विज ने कहा, हो सकता है वहां नास्तिक रहते हों



**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट पर भाजपा की करारी हार हुई है। भाजपा के उम्मीदवार के हारने पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हो सकता है वहां नास्तिक लोग रहते हों। श्रीराम मंदिर बनने का लोग 500 सालों से इंतजार कर रहे थे। श्रीराम मंदिर अलग बात है, राजनीति अलग।

हिमाचल प्रदेश से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महिला सुरक्षाकर्मी द्वारा थप्पड़ मारे जाने को लेकर अनिल विज ने कहा है कि ये तरीका ठीक नहीं है। कानून के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 4 जून को शेयर बाजार में बड़े घोटाले के आरोप पर अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि किस तरह का घोटाला हुआ है। शेयर मार्किट है और अप-डाउन होता रहता है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के दावे पर अनिल विज ने कहा कि हार और जीत का सही आकलन करना चाहिए और हम आकलन करेंगे। हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा है। जहां-जहां कमी रही है, वहां-वहां पूरे दमखम से काम करेंगे और जीतेंगे। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि विधानसभा भंग करवाने के लिए कांग्रेस 10 जून को बैठक करेगी। इस पर विज ने कहा कि इसका फैसला राज्यपाल को करना होता है, हमारे पास पूरा बहुमत है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'डेमोकुर्सी' वाले नेता बताए जाने पर अनिल विज ने कहा कि जयराम रमेश अपने आपको दार्शनिक समझने लगे हैं, लेकिन जनता का फैसला आ गया है। हमारी सरकार पूरे पांच साल तक चलेगी।

# दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने वजीराबाद बैराज का किया दौरा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट बरकरार है। लोगों को पीने का स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ इस पर राजनीति भी जमकर हो रही है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आए आदेश के बाद आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जुबानी जंग भी तेज हो गई है। इसी बीच दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए जनता को यह बताने की कोशिश की कि यमुना का जलस्तर लगातार गिर रहा है और इसके पीछे भाजपा के साथ ही हरियाणा सरकार मिलकर साजिश रच रही है। आतिशी अपने विभाग के अधिकारियों के साथ वजीराबाद बैराज पहुंची और वहां का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वजीराबाद बैराज पर 2 जून से लगातार पानी का स्तर कम हो रहा है। यह 2 जून को 671.3 फीट से घटकर मात्र 669.7 फीट रह गया है। एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पानी की समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रहा है, दूसरी ओर बीजेपी शासित हरियाणा सरकार दिल्ली के लोगों के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। आतिशी ने बताया कि 2 जून को यमुना का जलस्तर 671.3 फीट था। 3 जून को यह जलस्तर 671.2 फीट हो गया, उसके बाद 4 जून को जलस्तर 671.1 फीट पर पहुंच गया। 5 जून को जलस्तर 671 फीट मापा गया था। उसके बाद 6 जून को जलस्तर 670.5 फीट पहुंच गया। उनके मुताबिक शुक्रवार 7 जून को जल स्तर 669.7 फीट पहुंच गया है। आतिशी ने इससे पहले भी आरोप लगाया था कि भीषण गर्मी में दिल्ली वालों को पानी मिलना काफी मुश्किल हो गया है। भाजपा शासित हरियाणा सरकार ना तो पानी दे रही है और ना ही हिमाचल प्रदेश से आने वाले पानी को दिल्ली की तरफ बढ़ाने को तैयार है। इससे पहले आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आरोप लगाया था कि हरियाणा सरकार दिल्ली सरकार को मिलने वाले पानी को आगे भेजने को तैयार नहीं है। एक तरफ हिमाचल सरकार पानी देने की तैयारी कर चुकी है, लेकिन हरियाणा उसमें रोड़ा अटका रहा है।

## नैतिकता के आधार पर उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए, पीएम मोदी पर उदित राज का बयान

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कांग्रेस नेता उदित राज की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि नैतिकता के आधार पर उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए। उदित राज ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, नैतिकता के आधार पर नरेंद्र मोदी को तो प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहिए। बीजेपी से ही अगर किसी को प्रधानमंत्री बनाना है, तो आठ लाख वोटों से शिवराज सिंह चौहान चुनाव जीते हैं। अमित शाह भी लगभग सात लाख वोटों से जीते हैं। वैसे तो बीजेपी ने चुनाव में नरेंद्र मोदी को मुख्य चेहरा बनाया था, लेकिन वो हारते-हारते बच गए। इसके अलावा, उदित राज ने नीतीश कुमार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार अपनी पार्टी को बचाने के लिए आरजेडी के पास गए थे। दूसरी बात यह है कि आरजेडी कभी बड़ी पार्टी हुआ करती थी, लेकिन बीजेपी ने उसे छोटा दल बना दिया और ऐसा ही अकाली दल के साथ किया गया। इन लोगों ने अकाली दल को नेस्तनाबूद कर दिया। शिवसेना को दो फाड़ कर दिया। मुझे लगता है कि चंद्रबाबू नायडू को भी होशियार रहना चाहिए। यह जिससे समझौता करते हैं, उसी को खत्म करते हैं। लेकिन बीजेपी पहले जैसे तेवर नहीं दिखा सकती, क्योंकि लोकतंत्र में जब किसी को एक दफा खारिज किया जाता है, तो वो खारिज ही होता रहता है। इसके साथ ही उदित राज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, इस बात में कोई संशय नहीं है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ी है। राहुल गांधी के पास समर्थन ज्यादा है। वो जनमानस से सरोकार रखने वाले मुद्दों को उठाते हैं। वो गरीबी, संविधान और शासन प्रणाली से जुड़े मुद्दे उठाते हैं। आप देख सकते हैं कि भारतीय राजनीति में उनकी विश्वसनीयता बढ़ी है। इस लिहाज से देखा जाए तो सबसे ज्यादा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता है। मुझे लगता है कि आज जहां बीजेपी खड़ी है, वहां कांग्रेस खड़ी हो सकती थी, लेकिन कांग्रेस के पास संगठन नहीं है। संगठन में मीडिया, ब्यूरोक्रेसी सब कुछ आ जाते हैं।

## उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा का अहंकार तोड़ा : शिवपाल यादव




> प्रदेश की जनता और सपा के कार्यकर्ताओं ने तानाशाही को हराने का काम किया है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भाजपा को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उत्तर प्रदेश में सपा की बेहतरीन परफॉर्मेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अहंकार में थी और उत्तर प्रदेश की जनता ने उनका ये अहंकार तोड़ने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि सपा के कार्यकर्ता के खिलाफ अगर कोई झूठी शिकायत भी कर देता था तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता था। इन सब के बाबजूद भी हमारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन किया।

भाजपा पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों ने तो चार सौ पार का नारा दिया था। उनका मकसद संविधान को बदलना, लोकतंत्र को खत्म करना और तानाशाही करना था।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता और सपा के कार्यकर्ताओं ने तानाशाही को हराने का काम किया है। ये जीत जनता और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की है।

केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार के गठन पर उन्होंने कहा कि इस पर हम कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन हां इतना जरूर कहेंगे कि इनका अहंकार टूट गया है।

37 सीटों के साथ सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने पर उन्होंने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) का हमेशा आशीर्वाद रहा है। हम लोग उनके आदर्शों पर चल रहे हैं। उनकी नीतियों का पालन करने और आदर्शों पर चलने के कारण ही हम लोगों ने भाजपा को हराया है। भाजपा को पीछे छोड़ा है और समाजवादी पार्टी आगे निकली है। जिन सीटों पर हमारे प्रत्याशी चुनाव नहीं जीते हैं, उन सीटों पर उनकी हार के कारणों की समीक्षा करेंगे।

## मणिपुर के दो जिलों में लगा कर्फ्यू



**इंफाल।** मणिपुर में 59 साल के एक व्यक्ति की हत्या के बाद जिरीबाम और तामेंगलोंग जिलों में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। इंफाल में मणिपुर के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गुरुवार रात को जिरीबाम में सोइबाम सरतकुमार सिंह का शव बरामद होने के बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को भी स्थिति तनावपूर्ण है, हालांकि नियंत्रण में है। शव पर कई चोटें और कट के निशान मिले थे। इसके अलावा कुछ घरों में आग लगा दी गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिरीबाम में अपने लाइसेंसी हथियार वापस करने की मांग की।

लोकसभा चुनाव से पहले इसे जमा करा लिए गए थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने जिरीबाम जिले में असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मणिपुर पुलिस का एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिरीबाम और निकटवर्ती तामेंगलोंग जिले में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों सहित सुरक्षा बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जितेंद्र कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय गिरधारी लाल शर्मा, निवासी- ग्राम- भदेसर, जिला- चितौड़गढ़, राजस्थान व पूजा शर्मा पुत्री प्रकाश चंद्र, निवासी- ग्राम- दुहाई, गाजियाबाद में दिनांक 21/02/2022 को पुनर्विवाह कर दिनांक 28/03/2024 को विवाह पंजीकरण अधिकारी, चितौड़गढ़ में पंजीकृत कर लिया। संध्या पुत्री सन्नी को जितेंद्र कुमार शर्मा ने दिनांक 9/05/2024 को गोदनामे के आधार पर दत्तक पुत्री के रूप में स्वीकार कर लिया है जो बतौर वारिश स्वीकार/ दर्ज हुई है।

**NOTICE**

Due to recent changes and updates, the old tender issued for the painting project in our society ATS Advantage, Indirapuram is hereby canceled. Companies who have previously applied to the tender are being notified to come forward and provide their revised quotes for the painting project.

From
ATS ADVANTAGE AOA

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# दैनिक करंट क्राइम की बूथ एक्स-रे रिपोर्ट में आ गये हैं निकल कर किसके कितने वोट

## कहीं हाथी रह गया शून्य पर तो कहीं सपा के बूथ पर मिले हैं अतुल गर्ग को वोट

गाजियाबाद करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गये हैं और ये नतीजे केवल उम्मीदवार के लिए ही नहीं है बल्कि ये नतीजे उनके लिए भी हैं जो उम्मीदवार को चुनाव लड़ा रहे थे। ये नतीजे उनके लिए भी हैं जो मतदान के बाद से ही बड़े जोर शोर से अपनी चुनावी मेहनत को बता रहे थे। दैनिक करंट क्राइम ने नेताओं के बूथ का एक्स-रे किया है और बूथ की एक्स-रे रिपोर्ट में ये आ गया है कि किस बड़े नेता के बूथ पर उसकी पार्टी के उम्मीदवार को कितने वोट मिले हैं। रोचक तथ्य ये है कि ऐसे भी बूथ आये हैं जहां यूपी में चुनाव जीतने वालों में रिकार्ड बनाने वाले अतुल गर्ग दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाये हैं। वहीं ऐसे भी बूथ हैं जहां बसपा के हाथी को एक भी वोट नहीं मिला है और ऐसे भी बूथ हैं जहां सपा अध्यक्ष के मौहल्ले में कमल खिला है और गठबंधन उम्मीदवार को वोट नहीं मिला है। भाजपा के एक महामंत्री के बूथ पर भाजपा हार गई है। दैनिक करंट क्राइम की ये एक्स-रे रिपोर्ट लगातार आती रहेगी। हम आपको हर एक बूथ का हाल बतायेंगे। दिग्गजों के बूथ की पूरी एक्स-रे रिपोर्ट आपके सामने लायेंगे। ये बतायेंगे कि सपा के कौन से नेताओं के बूथ पर हाथ मजबूत नहीं रहा। उन बूथों का हाल बतायेंगे जहां कम मतदान के बाद भी कमल खिल गया और उन नीले मौहल्लों का हाल बतायेंगे जहां नीला हाथी लापता हो गया है।

## ये हैं वो 11 बूथ जहां नहीं खिला कमल पूरी तरह मजबूत

### अतुल गर्ग नहीं कर पाये इन बूथों पर दहाई का आंकड़ा पार






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अतुल गर्ग ने शानदार जीत हासिल की है और वो गाजियबाद से लोकसभा चुनाव जीते हैं। चुनाव जीतने के साथ-साथ वो यूपी के उन टॉप थ्री सांसदों में आ गये हैं जिन्होंने सर्वाधिक वोट हासिल किये है।

वो राहुल गांधी के बाद दूसरे ऐसे सांसद हैं जो बड़े वोट मार्जिन से जीते हैं। भाजपा के दिग्गज नेताओं के मुकाबले उन्होंने एक बड़ी जीत हासिल की है। लेकिन जीत का शानदार परचम लहराने वाले अतुल गर्ग को भी अपनी विधानसभा में कुछ बूथों पर संघर्ष करना पड़ा है वो जिस विधानसभा से विधायक है उस विधानसभा के 11 बूथ ऐसे हैं जहां अतुल गर्ग को दहाई का आंकड़ा पार करने में सफलता नहीं मिली। इनमें से एक बूथ तो ऐसा है जहां अतुल गर्ग को केवल 2 वोट मिले हैं। शहर विधानसभा के बूथ संख्या 282 पर अतुल गर्ग को 9 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 285 पर अतुल गर्ग को 7 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 290 पर अतुल गर्ग को 7 वोट, बूथ संख्या 295 पर अतुल गर्ग को 9 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 296 पर अतुल गर्ग को 5 वोट मिले हैं।

बूथ संख्या 297 पर अतुल गर्ग को 7 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 300 पर अतुल गर्ग को 6 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 301 पर अतुल गर्ग को 4 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 302 पर अतुल गर्ग को 7 वोट मिले हैं। बूथ संख्या 306 पर अतुल गर्ग को 2 वोट मिले हैं और बूथ संख्या 312 पर अतुल गर्ग को 8 वोट मिले हैं। शहर विधायक अतुल गर्ग की अपनी विधानसभा में वो इन बूथों पर पिछड़ गये हैं। ये 11 बूथ है जो उनकी विधानसभा में आते हैं और इन बूथों पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को कहीं 4 तो कहीं 2 वोट मिले हैं।

## सपा महानगर अध्यक्ष के बूथ पर हार गईं सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा

### समाजवादी बूथ पर खिला है पूरी बहार के साथ कमल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम बूथ एक्स-रे की रिपोर्ट बता रही है कि समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष अपने बूथ पर ना साईकिल को रफ्तार दे पाये और ना गठबंधन उम्मीदवार को वोटों का माईलेज दे पाये। उनके बूथ पर समाजवादी कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा बड़े वोटों से चुनाव हारी हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां बसपा का हाथी भी बुरी तरह पिछड़ा है और समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव के बूथ पर कमल पूरी बहार के साथ खिला है। हालांकि सपा के महानगर अध्यक्ष जिस क्षेत्र में रहते हैं और जिस क्षेत्र में उनका बूथ है ये परम्परागत रूप से भाजपा का इलाका माना जाता है। सपा के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने दैनिक करंट क्राइम से चुनावों में ये दावा किया था कि उनके बूथ पर सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा चुनाव जीतेंगी और ये भी दावा किया था कि डॉली शर्मा लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगी। चुनाव का नतीजा आ गया और लोकसभा की तो बात छोड़ो और करंट क्राइम एक्स-रे में ये रिपोर्ट आई है कि डॉली शर्मा सपा महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट के बूथ पर बुरी तरीके से हारीं हैं और यहां कमल का फूल खिला है। सपा महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट का बूथ राजेन्द्र नगर सेक्टर-3 के इलाके में आता है और उनका बूथ नंबर 123 है। यहां पर कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 78 वोट मिले हैं। जबकि बसपा का हाथी यहां केवल 5 वोट ले पाया है। यहां पर सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि सपा महानगर अध्यक्ष के बूथ पर भाजपा का कमल खिला है। यहां भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग को 394 वोट मिले हैं। इस तरह से यहां डॉली शर्मा भाजपा के अतुल गर्ग से काफी वोटों से पीछे रहीं है।

## शहर विधानसभा के 20 बूथों पर शून्य पर रह गया बसपा का नीला हाथी

### शहर विधानसभा सीट जीतने वाली बसपा को बड़ी समीक्षा की जरूरत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव ने इस बार अगर किसी को नकारा है तो वो बसपा का हाथी है। नगीना से भीम आर्मी के चंद्रशेखर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। लेकिन कभी दस हाथियों के साथ लोकसभा में मौजूद बसपा इस बार लोकसभा में अपना कोई प्रतिनिधित्व नहीं करेगी। सबसे खराब हालत उसकी उस गाजियाबाद में हुई है जहां कभी उसने विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। विधानसभा में बसपा का हाथी गाजियाबाद शहर सीट से लेकर मुरादनगर और लोनी से लेकर साहिबाबाद तक चुनाव जीता था।

शहर सीट पर तो बसपा एक बार चुनाव जीती और दो बार वो फाईट में रही है। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में बसपा के हाथी का इतना बुरा हाल हुआ कि वो एक लाख वोट भी नहीं ले पाया। सबसे खराब हालत शहर विधानसभामें हुई है जहां 20 बूथ ऐसे हैं जहां हाथी शून्य पर रह गया है। शहर विधानसभा में कुल 506 बूथ हैं और यहां पर जब दैनिक करंट क्राइम ने बूथ एक्सरे किया तो 20 बूथ ऐसे निकले जहां हाथी 0 पर है। उसे एक भी वोट इन बूथ पर नहीं मिला है। बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर को इन बूथों पर एक भी वोट नहीं मिला। शहर विधानसभा के बूथ संख्या 113, 140, 184, 260, 281, 286, 289, 293, 296, 304, 312, 315, 404, 409, 415, 476, 442, 456, 475, 491 बूथ ऐसे हैं जहां बसपा को एक भी वोट नहीं मिला है।

ये सभी बूथ शहर विधानसभा के हैं। इसके अलावा 23 बूथ ऐसे हैं जहां हाथी बड़ी मुश्किल से सैंकड़ा का फिगर पार कर पाया है।

## भाजपा के स्टार प्रचारकों की फौज से अकेले ही लोहा ले रहे थे अमरपाल शर्मा

### अखिलेश यादव का कार्यक्रम भी हो गया था अंतिम समय में निरस्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव की रणभूमि में एक ऐसा भी योद्धा था जिसने अकेले मोर्चा संभाला। एक तरफ भाजपा के स्टार प्रचारकों की फौज रालोद के उम्मीदवार की ढाल बन रही थी तो दूसरी तरफ सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार अमरपाल शर्मा अकेले ही मोर्चा संभाल रहे थे। ये लोकसभा की रणभूमि बागपत की थी। जहां से सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर से पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया था। यहां पर सबसे बड़ी बात ये थी कि गठबंधन ने अपना उम्मीदवार देर से घोषित किया और यहां अमरपाल शर्मा को प्रचार करने का उतना समय ही नहीं मिला। फिर भी वो अपनी टीम के साथ अकेले इस रणभूमि में मोर्चा ले रहे थे। एक तरफ अमरपाल अकेले थे और दूसरी तरफ गठबंधन उम्मीदवार राजकुमार सांगवान के पक्ष में भाजपा के स्टार प्रचारकों की पूरी फौज आ गई। उनके समर्थन में दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बागपत आये और सभा की। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने डेरा डाला। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा यहां राजकुमार सांगवान के लिए प्रचार करने आये। राज्यमंत्री केपी मलिक से लेकर कपिल देव अग्रवाल ने चुनाव प्रचार किया। सबसे बड़ी बात ये रही कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी और चारू चौधरी ने रोड शो निकाला।

एक तरफ ये पूरा काफिला था और दूसरी तरफ अमरपाल शर्मा अपने दम पर चुनावी रणभूमि में थे। उन्हें उम्मीद थी कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके लिए चुनाव प्रचार करने आयेंगे। लेकिन ये भी एक इत्तेफाक रहा कि जब अखिलेश यादव को आना था तो उस दिन मौसम खराब हो गया और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हिंडन हवाई अड्डे से ही वापस गये और उन्होंने फोन पर ही जनसभा को सम्बोधित किया। कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर प्रियंका गांधी से उम्मीद थी कि वो उम्मीदवार अमरपाल शर्मा के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए आयेंगे लेकिन वो भी नहीं आये। कांग्रेस का कोई बड़ा चेहरा चुनाव प्रचार करने नहीं आया। लेकिन यहां अमरपाल शर्मा के हौंसलों की दाद देनी होगी कि वो विषम परिस्थितियों में भी पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ चुनाव प्रचार में रहे। सबसे बड़ी बात ये थी कि अमरपाल शर्मा को अगर समय मिलता तो यहां वो चुनावी जंग में अपना रंग दिखाते। जितना समय राजकुमार सांगवान को मिला, उतना समय अगर अमरपाल शर्मा को मिलता तो वो भी अधिक क्षेत्र कवर करते। लेकिन चुनाव में एक पक्ष हारता है और एक पक्ष जीतता है और अमरपाल शर्मा भले ही ये चुनाव हार गये हों लेकिन उन्होंने ये साबित किया है कि रणभूमि में किस तरह से जंग लड़ी जाती है और किस तरह से खुद को साबित किया जा सकता है।

## अपने ही एक महामंत्री के बूथ पर हार गई भाजपा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऐसा नहीं है कि बूथों पर केवल इंडिया गठबंधन वाले हारे हैं। बूथों पर वो भी हारे हैं जो भाजपा के संगठन में सहारे हैं। एक ऐसा बूथ भी है जहां भाजपा के एक महामंत्री निवास करते हैं। भाजपा के इन महामंत्री के बूथ पर भाजपा हार गई है। भाजपा के ये महामंत्री काफी मेहनत करते हैं और प्रचार करने के लिए ये बाहर भी गये थे। अब बाहर जहां भाजपा को जिताने गये थे वहां का तो पता नहीं लेकिन घर में भाजपा चुनाव हार गयी है। भाजपा के इन महामंत्री के बूथ पर भाजपा को शिकस्त मिली है। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा के इन महामंत्री के बूथ पर भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग चुनाव हार गये। महामंत्री बाहर प्रचार कर रहे थे और मौहल्ले में भाजपा शिकस्त खा गई। सूत्र बताते हैं कि महामंत्री का जिक्र होगा तो बूथ अपने आप भाजपा वाले बता देंगे।



## सिकंदर यादव ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मिलकर दी जीत की बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के बाद समाजसेवी सिकंदर यादव ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से दिल्ली में पार्टी कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। सिकंदर यादव ने अखिलेश यादव को इस बेहतर प्रदर्शन का सूत्रधार बताते हुए उन्हें फूलों के बुके के साथ शुभकामनाएं भी दीं। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में सारे आंकड़ों और एग्जिट पोल को फेल करते हुए उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन कर 37 सीटों पर कब्जा किया। सिकंदर यादव का कहना है कि पार्टी के इस शानदार प्रदर्शन से सपा के कार्यकर्ताओं में भी काफी जोश देखने को मिल रहा है।

## संपादकीय

# शीर्ष अदालत की टिप्पणी का स्वागत

हिमाचल से दिल्ली को मिल रहे पानी पर शीर्ष अदालत निगरानी करेगी। हालांकि भले ही हरियाणा इस पानी को रक नहीं रहा, फिर भी उम्मीद की जानी चाहिए कि अदालत द्वारा दी गई इस व्यवस्था का समुचित पालन होगा। नदियों के जल के बंटवारे को लेकर राज्यों के बीच विवाद नया नहीं है। देश में कई राज्य नदियों के जल की हिस्सेदारी को लेकर मुकदमा लड़ रहे हैं। विभिन्न प्राधिकार बने हुए हैं, लेकिन विवादों का निपटारा नहीं हो पा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को यमुना का जल मिले और सुगमता से मिले, यह मुद्दा अब राजनीतिक स्वरूप ले चुका है। दिल्ली में जल संकट की स्थिति गंभीर है। गुरुवार को दिल्ली सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़ेगा और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाएगा। यह व्यवस्था देते हुए शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी बिल्कुल सटीक है कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

यह विडंबना है कि जब लोग प्यासे हों तो पानी छोड़ने को लेकर खींचतान मचे और जो राज्य दबाव डाल सकता है, वह अड़ जाए। हरियाणा और दिल्ली की सरकारों में हथिनीकुंड बांध से छोड़े जाने वाले पानी को लेकर अक्सर ठनी रहती है। इस बार दिल्ली सरकार उच्चतम न्यायालय पहुंची। इस मामले में शीर्ष न्यायालय ने मामले से जुड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश से पूछा कि वे दिल्ली को कितना पानी दे सकते हैं, इस पर हिमाचल ने हामी भरी। अब हिमाचल प्रदेश, हरियाणा को पूर्व सूचना देकर पानी छोड़ेगा और यूवाईआरबी हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके। जाहिर है, दिल्ली को मिल रहा पानी हरियाणा रोक तो नहीं रहा पर इसकी निगरानी शीर्ष अदालत करेगी।

उम्मीद की जानी चाहिए कि अदालत द्वारा दी गई इस व्यवस्था का समुचित पालन होगा। कोई सरकार रोड़े नहीं अटकाएगी और आम जन को सुगमता से पानी मिल सके, इसके लिए सभी मिलकर प्रयास करेंगे। इसके साथ ही, लोगों को भी पानी बचाने की सामूहिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए, इसके लिए उन्हें पानी की खपत के लिए जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाना चाहिए। जनता को भी पानी बचाने के प्रति अब सचेत रहना होगा।

# वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के लिए इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाने का आरबीआई का प्रयास




**नई दिल्ली।** आरबीआई द्वारा रेपो रेट को यथावत रखने के साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने के लिए नया इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म लाने को लेकर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की ओर से केंद्रीय बैंक की सराहना की गई है।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में मुख्य अर्थशास्त्री, डॉ. एसपी शर्मा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। लेकिन, आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। फिलहाल हमें आने वाले समय में महंगाई को देखना होगा। अगर यह 4 प्रतिशत के आसपास आती है तो ब्याज दरों में कटौती की अधिक संभावना है। मिराई एसेट्स इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के फिक्स्ड इनकम के सीआईओ महेंद्र कुमार जाजू का कहना है कि आरबीआई की ओर से ब्याज दर कम करने में कोई जल्दबाजी नहीं की गई है, क्योंकि मौजूदा समय में एनर्जी और खाने-पीने की चीजों के दाम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

ब्याज दरों में कमी के लिए हमें आने वाले मानसून पर नजर रखना होगा। अच्छे टैक्स कलेक्शन के कारण चालू खाते घाटे की स्थिति अच्छी बनी हुई है। हमारा मानना है कि फिक्स्ड एसेट्स के लिए माहौल अच्छा बना हुआ है। फिनटेक प्लेटफॉर्म साइनजी के सह-संस्थापक और सीईओ, अंकित रतन ने कहा कि आरबीआई फ्रॉड को कम करने के लिए एक मजबूत फीचर के डिजिटल पेमेंट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के साथ आया है। यह डिजिटल पेमेंट के सभी पक्षकारों की बेहद कम लागत पर धोखाधड़ी से रक्षा करने में मदद करेगा।

इस शानदार कदम के लिए मैं आरबीआई को बधाई देता हूं। एफपीएसबी इंडिया के सीईओ कृष्णा मिश्रा ने कहा कि आरबीआई द्वारा रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। हमें इस मौके का इस्तेमाल लंबी अवधि की फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए करना चाहिए।

# आरबीआई पॉलिसी से बाजार को मिला सहारा

## सेंसेक्स 1,618 अंक बढ़कर बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। आरबीआई की ओर से मौद्रिक नीति जारी करने के बाद शेयर बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स 1,618 अंक या 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,693 अंक और निफ्टी 468 अंक या 2.08 प्रतिशत के उछाल के साथ 23,290 अंक पर बंद हुआ। बाजार में तेजी की वजह शुक्रवार को आई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति को माना जा रहा है, जिसमें केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 7 प्रतिशत था। वहीं, महंगाई दर के आंकड़े को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। छोटे और मझोले शेयरों का प्रदर्शन भी शानदार रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 781 अंक या 1.49 प्रतिशत बढ़कर 53,194 अंक और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 389 अंक या 2.31 प्रतिशत बढ़कर 17,215 अंक पर था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के बाजार पूंजीकरण में शुक्रवार को 7 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है और यह 423 लाख करोड़ रुपये हो गया है। सेंसेक्स के सभी 30 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। एमएंडएम, विप्रो, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस टॉप गेनर्स थे। एलकेपी के वरिष्ठ सिक्योरिटी एनालिस्ट रूपक दे ने कहा कि निफ्टी में काफी अच्छी बढ़त देखने को मिली है। इस कारण से छोटी अवधि में निफ्टी का रुझान सकारात्मक लग रहा है। जब तक यह 23,000 के स्तर को नहीं तोड़ता है तब तक गिरावट पर खरीदारी जारी रखनी चाहिए। यह 23,500 से लेकर 23,600 तक जा सकता है।

# कंटेनर टर्मिनल के परिचालन के लिए मिला पांच साल का अनुबंध



**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को बताया कि उसे कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर नेताजी सुभाष डॉक कंटेनर टर्मिनल का पांच साल परिचालन करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिला है। इसके साथ ही देश के सबसे बड़े पोर्ट डेवलपर-सह-ऑपरेटर कंपनी ने पूर्वी तट के सबसे बड़े कंटेनर टर्मिनल पर अपनी उपस्थित दर्ज करा ली है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी गुप्ता ने कहा, नेताजी सुभाष डॉक के कंटेनर हैंडलिंग केंद्र का अनुबंध एपीएसईजेड को मिलना देश भर में बंदरगाह और लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता और पश्चिम बंगाल में हमें जो संभावनाएं नजर आती हैं, उन्हें रेखांकित करता है। गुप्ता ने कहा, देश और विदेशों में विभिन्न कंटेनर टर्मिनलों के संचालन के दो दशक से ज्यादा के हमारे अनुभव से ग्राहकों और राज्य के लोगों को फायदा होगा। एपीएसईजेड को प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिये यह पांच साल का अनुबंध मिला है। सफलतापूर्वक बोली लगाने वाले को स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी करने के सात महीने के भीतर कार्गो हैंडलिंग के लिए जरूरी उपकरण लगाने होंगे। नेताजी सुभाष डॉक देश के पूर्वी तट पर सबसे बड़ा कंटेनर टर्मिनल है। इसने वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 लाख टीईयू (ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट) कंटेनरों की आवाजाही को हैंडल किया था। इस डॉक पर एपीएसईजेड की उपस्थिति से इस टर्मिनल और कंपनी के अन्य कंटेनर पोर्ट्स के बीच, खासकर केरल के विझिंजम और श्रीलंका के कोलंबो ट्रांसशिपमेंट हबों के बीच कनेटिविटी बेहतर होगी। दोनों हबों के इस साल कमीशन होने की उम्मीद है। अदाणी पोर्ट्स पश्चिमी तट पर सात और पूर्वी तट पर आठ बंदरगाहों तथा टर्मिनलों का संचालन करता है जो रणनीतिक लोकेशनों पर हैं। देश के बंदरगाहों से हैंडल किये जाने वाले माल के वॉल्यूम में इनका योगदान 27 प्रतिशत है।

# इस साल बिक सकते हैं रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर




**नई दिल्ली।** कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा कि बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत बना दिया है।

बाजार विकसित होने के साथ उम्मीद है कि देश में सालाना बिक्री करीब 1.4 करोड़ इकाई होगी, जो क्षेत्र के मजबूत विस्तार को बताती है। भीषण गर्मी के कारण इस साल देशभर में रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर (एसी) बिक सकते हैं। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा, मई में एसी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। गर्मी में बिक्री में 30-40 फीसदी बढ़ सकती है। वाचानी ने कहा, बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत बना दिया है। बाजार विकसित होने के साथ उम्मीद है कि देश में सालाना बिक्री करीब 1.4 करोड़ इकाई होगी, जो क्षेत्र के मजबूत विस्तार को बताती है। भारतीय रिहायशी एयर कंडीशनर की बिक्री बढ़कर लगभग एक से 1.11 करोड़ इकाई तक पहुंचने की उम्मीद है।

### आइसक्रीम-शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में तेजी

देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच कोला, पेय पदार्थ, आइसक्रीम और ठंडक प्रदान करने वाले अन्य उत्पादों की बिक्री में जोरदार तेजी आई है। पेप्सिको इंडिया और कोका कोला जैसी कंपनियों का कहना है कि मांग में भारी बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए हमने अपना भंडार (इन्वेंट्री) तैयार कर रखा है।

# अदाणी वन पर अब बस यात्रा का विकल्प भी, क्लियर ट्रिप से किया करार



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के ट्रैवल, लाइफस्टाइल और शॉपिंग प्लेटफॉर्म अदाणी वन ने शुक्रवार को बताया कि उसने अपने यूजरों को बस यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए फ्लिपकार्ट के स्वामित्व वाले ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर क्लियर ट्रिप के साथ करार किया है। कंपनी ने बताया कि क्लियरट्रिप अदाणी वन यूजरों को तीन लाख से ज्यादा रूटों और निजी तथा राज्य परिवहन निगमों के 10 लाख से अधिक बस कनेक्शनों तक पहुंच उपलब्ध करायेगा। क्लियरट्रिप के साथ अदाणी वन के जुड़ने से यूजरों को फ्लाइट और होटलों के कई अतिरिक्त विकल्प भी मिलेंगे जिससे ट्रैवल इकोसिस्टम और बेहतर बनेगा। अदाणी डिजिटल लैब्स के मुख्य डिजिटल अधिकारी नितिन सेठी ने एक बयान में कहा, यह नई भागीदारी प्लेटफॉर्म में हमारे विश्वास को दिखाता है जिससे हम कनेक्टिविटी को और बेहतर बना सकेंगे तथा विभिन्न वर्गों के लोगों की यात्रा जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। हम ट्रैवल इकोसिस्टम पर सकारात्मक प्रभाव के लिए क्लियरट्रिप के साथ नये उत्पादों के विकास और नवाचार के लिए उत्साहित हैं। अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से बसों की बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को रिवार्ड प्वाइंट्स भी मिलेंगे। कंपनी ने बताया कि अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड और अदाणी वन आईसीआईसीआई बैंक प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड पर व्यापक और महत्वपूर्ण रिवॉर्ड प्रोग्राम हैं। क्लियरट्रिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अय्यपन आर. ने कहा, इस भागीदारी के जरिये, खासकर मझोले और छोटे शहरों में हम कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए सबसे अच्छी सहुलियत, विकल्प और वैल्यू प्रदान करेंगे।

## राशिफल

- **मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
- **वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
- **मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
- **कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
- **सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
- **कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
- **तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
- **धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
- **मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
- **कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
- **मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टिल्लू अपनी बीमारी लेकर डॉक्टर के पास गया,
डॉक्टर- आपकी बीमारी की सही वजह मेरी समझ में नहीं आ रही,
हो सकता है दारू पीने की वजह से ऐसा हो रहा हो,
टिल्लू- कोई बात नहीं डॉक्टर साहब,
जब आपकी उतर जाएगी तो मैं दोबारा आ जाऊंगा।

राज - अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
रवि - मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
राज- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
रवि - तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं।

ग्राहक- भाई, तुमने दाढ़ी बनाने के साथ मेरी चमड़ी भी छील दी।
नाई- चिंता मत कीजिए, मैं आपसे केवल दाढ़ी बनाने के ही पैसे लूंगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शोधकर्ताओं ने पिकासो और मोनेट द्वारा चित्रों के बीच भेद करने के लिए कबूतरों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने अपने काम के लिए मनोविज्ञान में विनोदपूर्ण आईजी नोबेल पुरस्कार जीता।
- भारत में एक कबूतर को गिरफ्तार किया गया था और पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पुलिस गार्ड के अधीन रखा गया था।
- स्पाइन्राजा, रीढ़ की हड्डी के मांसपेशी एट्रोफी के लिए एक दवा, की कीमत $ 750,000 है।
- अमेजॉन का सबसे बड़ा गोदाम 17 अमेरिकी फुटबॉल क्षेत्रों के आकार जितना बड़ा है।
- इंग्लैंड में रहने वाले 770,000 लोग अंग्रेजी में अच्छी तरह से बात नहीं कर सकते हैं। एक इंसान के डीएनए में पचास उपन्यासों की जितनी से भी अधिक जानकारी होती है।
- प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कबूतरों को मेल वाहक के रूप में उपयोग किया जाता था। उन्होंने दुश्मन की गोलीबारी पर जानकारी देकर कई जानें बचाई।
- कबूतरों को टेनिस कोर्ट से दूर दूर रखने के लिए विंबलडन शिकार के पक्षी, रूफस द हॉक को नियुक्त करता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# कांग्रेस की खटाखट स्कीम ने देश को किया भ्रमित, जनता पर्ची लेकर खड़ी है : पीएम मोदी

## राहुल गांधी ने 1 लाख रुपये सालाना डालने के लिए 'खटाखट' शब्द का प्रयोग किया था



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की 'खटाखट स्कीम' पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये लोग कितना बड़ा झूठ बोलते रहे हैं, चुनाव के समय इन्होंने देश के सामान्य नागरिकों को गुमराह करने के लिए जो पर्चियां बांटी, दो दिन से मैं देख रहा हूं कि कांग्रेस के दफ्तरों पर लोग कतार लगाकर खड़े हैं, एक लाख रुपये कहां है, लोग पैसा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपने जनता-जनार्दन की आंखों में कैसा धूल झोंका, कैसे उन्हें भ्रमित किया। सामान्य नागरिक मानकर चलता था कि 4 जून के बाद रुपया मिल जाएगा। इसलिए, वह दफ्तर के बाहर खड़े हैं, अब उन्हें धक्का मारा जा रहा है, डंडे मारकर भगाया जा रहा है। इस प्रकार का चुनाव गरीबों का अपमान है, हमारे देश के सामान्य नागरिकों का अपमान है। देश कभी भी ऐसी हरकतों को न भूलता है और न कभी माफ करता है। दरअसल, यूपी की राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय में अचानक बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय की महिलाएं पर्चियां लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि अब राहुल गांधी उनके वादों को पूरा करेंगे, वो चुनाव जीत गए हैं। एक नहीं, बल्कि दो-दो सीटों पर वो जीत का परचम लहराने में सफल रहे, जो कि हर तरह से प्रशंसनीय है। कांग्रेस कार्यालय पहुंची जुबैदा ने आईएएनएस से कहा कि अब तो कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। अब राहुल गांधी ने हमसे जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। उन्होंने चुनाव में कहा था कि वो महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 8,500 रुपए डालेंगे। हम उनके इसी वादे को देखते हुए कार्यालय आए हैं। जुबैदा ने कहा था कि पहले तो मुझे कांग्रेस कार्यालय में जाने नहीं दिया जा रहा था, लेकिन बाद मैं भी जिद पर अड़ गई। इसके बाद मुझे आने दिया गया। हमें बहुत खुशी है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव चुनाव जीत गए हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला वोटरों को लुभाने के लिए महालक्ष्मी योजना पर दांव लगाया। राहुल गांधी ने अपने भाषणों में गरीब महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये यानी 1 लाख रुपये सालाना डालने के लिए 'खटाखट' शब्द का प्रयोग किया था। अब कांग्रेस नेता के इसी स्कीम को लेकर शुक्रवार को पीएम मोदी ने उन पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए की संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर हमला बोला।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा, सुकन्या मंडल की जमानत याचिका पर जल्द फैसला करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट से कहा कि वह कथित मवेशी तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकन्या मंडल की जमानत याचिका पर जल्द फैसला करे। सुकन्या मंडल, टीएमसी नेता अनुब्रत मंडल की बेटी हैं। सुप्रीम कोर्ट में सुकन्या मंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने कहा कि उनकी जमानत याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में 11 महीने से लंबित है। पिछली सुनवाई में भी मामले को स्थगित कर दिया गया था और 12 जुलाई को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया।



जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने पाहवा से कहा, हम हाईकोर्ट से केवल उनकी जमानत याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करेंगे। बेंच में जस्टिस संदीप मेहता भी शामिल थे। हाईकोर्ट से कहा गया कि वह छुट्टियों के बाद दोबारा खुलने के तीन सप्ताह के भीतर जमानत याचिका पर फैसला ले। बेंच ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है और दोनों पक्षों की सभी दलीलें खुली रखी गई हैं। जुलाई 2023 में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुकन्या मंडल की याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें निचली अदालत से उन्हें जमानत देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। तब से यह मामला लंबित है। वकील मृणाल कुमार शर्मा के माध्यम से दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि जमानत आवेदन 22 तारीखों के लिए सूचीबद्ध था। लेकिन इस तथ्य पर विचार किए बिना कि याचिकाकर्ता एक साल से ज्यादा समय से हिरासत में है, इसे कई बार लापरवाही से स्थगित कर दिया गया।

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले की एक प्राथमिक स्कूल शिक्षिका सुकन्या मंडल को पिछले साल अप्रैल में ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। वह अन्य लोगों के साथ मवेशी तस्करी मामले में सह-षड्यंत्रकारी और लाभार्थी के रूप में आरोपी हैं। सितंबर 2020 में सीबीआई ने भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए मवेशियों की तस्करी के संबंध में मोहम्मद इनामुल हक, बीएसएफ कमांडेंट सतीश कुमार और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# दस साल में आम आदमी पार्टी लाई है शिक्षा में नई क्रांति : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने नीट परीक्षा के रिजल्ट आने के बाद दिल्ली के बच्चों को परीक्षा परिणाम के लिए काफी सराहा और बधाई भी दी। आतिशी ने बताया कि नीट परीक्षा में इस बार दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है और यह सब मुमकिन हो पाया है अरविंद केजरीवाल की बीते 10 सालों में नई शिक्षा क्रांति से। इस साल नीट परीक्षा पास करने वाले बच्चों की संख्या 1,414 है। हर साल संख्या बढ़ती जा रही है। 2020 की बात करें तो 569 स्टूडेंट ने नीट पास किया था। उसके बाद 21, 22, 23 और अब 2024 में लगातार बढ़ते हुए यह संख्या 1,414 पर पहुंच गई है, जो बीते पांच सालों में लगभग ढाई गुना है। आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार के बीआर अंबेडकर स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल के



चलते रिजल्ट इतना ज्यादा बढ़ा है। यह दिल्ली सरकार और अरविंद केजरीवाल का एक फ्लैगशिप प्रोजेक्ट है।

इन स्कूलों में अलग-अलग स्ट्रीम में बच्चों की स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग होती है। इसमें एक स्ट्रीम साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स है। हमारे स्पेशलाइज्ड स्कूल में से 255 बच्चों ने नीट की परीक्षा दी थी, जिसमें से 243 बच्चों (95 प्रतिशत) ने परीक्षा पास की है। आतिशी ने बताया कि देश में इतना ज्यादा परसेंटेज ना तो किसी स्कूल का है और ना किसी कोचिंग सेंटर का। इतना शानदार रिजल्ट दिल्ली के बीआर अंबेडकर स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल का ही है।

दिल्ली भर में 12 स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल हैं, जहां पर बच्चे मेडिकल की तैयारी करते हैं। इनमें से 6 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें 100 प्रतिशत नीट का रिजल्ट गया है। मतलब जितने बच्चों ने एग्जाम दिया, वह सभी पास हुए। सबसे पहले वह बच्चों को, उनके पेरेंट्स को, स्कूल की प्रिंसिपल को धन्यवाद देती हैं। बीते 10 सालों में अरविंद केजरीवाल की वजह से ही दिल्ली में शिक्षा की नई क्रांति आई है। गरीब का बच्चा अब बेस्ट ऑफ द बेस्ट शिक्षा पा रहा है।

# एनडीए को सोच समझकर चलानी होगी सरकार : अनिल देसाई

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अनिल देसाई ने एनडीए पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो सही बातें हैं, जो जनता के सही मुद्दे हैं, उन्हीं मुद्दों को एनडीए के घटक दल उठाते रहे हैं। अग्निवीर योजना को लेकर तमाम सियासी दलों ने अपनी आपत्ति जताई थी। नई एनडीए सरकार को लोगों के हित में एलाइंस पार्टनर की राय से आगे बढ़ना होगा। अपेक्षा के मुताबिक एनडीए के आंकड़े नहीं आने को लेकर अनिल देसाई ने कहा कि वह खुद समझदार हैं। वह जरूर सोचेंगे कि पॉलिटिकल परिणाम उम्मीदों से इतर क्यों आया? मुझे उम्मीद है कि वो इससे सीख लेंगे। राहुल गांधी की स्टॉक स्कैम के आरोप पर अनिल देसाई ने कहा कि मार्केट गिरने से मिडिल क्लास को बहुत गहरा नुकसान हुआ है। इसमें जनता की सेविंग के पैसे लगे हुए रहते हैं। उनको नुकसान हुआ है। एनडीए को बहुमत नहीं मिलने



के सवाल पर उन्होंने कहा कि एनडीए को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, ऐसे में उन्हें सोच समझकर सरकार चलानी पड़ेगी। उनके लिए सरकार चलाना इतना आसान नहीं। उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। महाराष्ट्र की मुंबई दक्षिण-मध्य लोकसभा सीट से शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल देसाई ने शिवसेना के मौजूदा सांसद राहुल शेवाले को 53,384 मतों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है।

# जम्मू-कश्मीर बस हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले राकेश टिकैत, की मुआवजे की मांग

**अलीगढ़।** जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुई बस दुर्घटना में 12 तीर्थ यात्रियों की मौत के बाद भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत नया गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त करते हुए उनको सांत्वना दी। उन्होंने कहा, बड़े ही दुख का समय है, ऐसा समय भगवान किसी को न दे। हादसे की जांच होनी चाहिए और मृतकों के परिजनों को प्रदेश सरकार की ओर से 25-25 लाख रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि इस बार सरकार लिबरल रहेगी, ज्यादा टाइट नहीं रहेगी, क्योंकि ये गठबंधन की सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान और आदिवासी सभी के लिए काम करे। इस गांव की हालत बहुत खराब है, गांव में सड़क नहीं है, पानी की व्यवस्था नहीं है। गांव के प्रधान के पास इतना फंड तो होना चाहिए कि सड़क ठीक करवा सकें। बता दें कि 30 मई को जम्मू-कश्मीर के अखनूर में भीषण बस हादसा हुआ था। इस हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार जम्मू के अखनूर इलाके के चौकी चोरा में टुंगी मोड़ के पास तीर्थयात्रियों को ले जा रही उत्तर प्रदेश की एक बस खाई में गिर गई थी। इस हादसे में 57 लोगों के घायल होने की भी खबर है। हादसे के बाद परिवहन विभाग ने कठुआ जिले के लखनपुर एंट्री चेक पोस्ट पर तैनात छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया था। परिवहन विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया था कि लखनपुर चेक पोस्ट पर तैनात मोटर वाहन इंस्पेक्टर और एक जूनियर असिस्टेंट



समेत छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें कर्तव्य में लापरवाही की जांच पूरी होने तक परिवहन आयुक्त के कार्यालय से अटैच कर दिया गया है। निलंबित अधिकारियों में मोटर वाहन इंस्पेक्टर राजीव भसीन, जूनियर असिस्टेंट सुमित मंगोत्रा और चार मल्टी टास्किंग स्टाफ अश्विनी कुमार, केशव सिंह, अमन कुमार और राकेश कुमार शामिल हैं। सरकार ने मामले में गहन जांच के आदेश दिये हैं और अतिरिक्त सचिव (टेक्निकल) परमवीर सिंह को जांच का जिम्मा सौंपा है। आदेश में कहा गया है कि जांच अधिकारी को निलंबित अधिकारियों के कर्तव्य में लापरवाही पर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# पाकिस्तान के खिलाफ कोरी एंडरसन का अनूठा कारनामा, डेविड वीज के एकदम अनोखे क्लब में शामिल

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर और अमेरिका के मौजूदा क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने कुछ ऐसा कर दिया है, जो उनसे पहले महज एक ही क्रिकेटर कर पाया है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कोरी एंडरसन एक ऐसे क्लब में शामिल हो गए हैं, जहां उनसे पहले बस डेविड वीज ही विराजमान हैं। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 6 जून को सुपर ओवर में पाकिस्तान को अमेरिका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका के प्लेइंग कका हिस्सा कोरी एंडरसन भी थे, जिन्हें गेंदबाजी करने में एक ओवर मिला, जबकि बैटिंग का तो मौका ही नहीं आया। अमेरिका की जीत के साथ ही कोरी एंडरसन एकदम अनोखे क्लब के सदस्य बन गए।



टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में दो अलग-अलग टीम की ओर से खेलते हुए एक ही विरोधी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने वाले कोरी एंडरसन दुनिया के महज दूसरे खिलाड़ी हैं। डेविड वीज 2016 टी20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका टीम का हिस्सा थे।

साउथ अफ्रीका ने 2016 टी20 वर्ल्ड कप में श्रीलंका को हराया था। इसके बाद 2022 टी20 वर्ल्ड कप में डेविड वीज नामीबिया टीम का हिस्सा थे। 2022 टी20 वर्ल्ड कप में नामीबिया ने बड़ा उलटफेर करते हुए श्रीलंका को हराया था। इस तरह से डेविड वीज पहले ऐसे खिलाड़ी बने थे, जिन्होंने दो अलग-अलग टीमों के लिए खेलते हुए टी20 वर्ल्ड कप में एक ही विरोधी टीम को हराया था।

कोरी एंडरसन की बात करें तो 2016 टी20 वर्ल्ड कप में वो न्यूजीलैंड की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने पाकिस्तान को हराया था। 2024 में वह अमेरिकी टीम का हिस्सा भी रहे, जिसने पाकिस्तान को हराया। पाकिस्तान को अमेरिका ने टॉस जीतने के बाद पहले बैटिंग का न्योता दिया था। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 159 रन ही बना पाई, जवाब में अमेरिका ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बना डाले। इसके बाद अमेरिका ने पावर प्ले में एक विकेट पर 18 रन बनाए और पाकिस्तान एक विकेट पर 13 रन ही बना पाया।

# पाकिस्तान को हराने के बाद मोनांक पटेल ने भरी हुंकार, भारत को दी खुली चुनौती

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपनी मेजबानी में अमेरिका ने जबर्दस्त उलटफेर करते हुए पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। 6 जून को न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में अमेरिका ने पाकिस्तान के खिलाफ तीनों डिपार्टमेंट में बेहतर प्रदर्शन किया। अमेरिका क्रिकेट टीम के कप्तान मोनांक पटेल हैं, जिन्हें दमदार फिफ्टी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मोनांक ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा कि अब उनकी टीम का पूरा फोकस भारत के खिलाफ होने वाले मैच पर है।

मोनांक पटेल ने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की जीत के मायने क्या हैं, उन्होंने कहा, 'मैच शुरू होने से पहले हमने हर्डल में बात की कि हमारे ऊपर कोई दबाव नहीं है, सारा



दबाव पाकिस्तान पर है। अगर हम अच्छी क्रिकेट खेलेंगे, तो वो और ज्यादा प्रेशर में आएंगे। टॉस जीतकर और जिस तरह से हमने पहले छह ओवरों में गेंदबाजी की, मुझे लगता है कि हमने उन्हें रन बनाने के ज्यादा मौके ही नहीं दिए। हम उन्हें ज्यादा दबाव में रख सके और इससे हमें मदद मिली। वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हराने से हमारे लिए कई दरवाजे खुलेंगे, इस स्टेज पर प्रदर्शन करके जीतने से मुझे लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा। यह टीम यूएसए के लिए बड़ा दिन है, मैं सिर्फ यूएसए नहीं कहूंगा बल्कि यूएसए की पूरी क्रिकेट कम्युनिटी के लिए यह अहम है।'

भारत के खिलाफ मैच को लेकर मोनांक ने कहा, 'देखिए मैं टूर्नामेंट के पहले भी कह चुका हूं, हम एक बार में एक ही मैच पर ध्यान दे रहे हैं और अब हमारा फोकस होगा भारत के खिलाफ मैच खेलने पर। हम बस एक बार में एक ही मैच पर फोकस करना चाहते हैं।' अमेरिका ने अपने पहले दो मैच कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ जीत लिए हैं, तीसरा मैच उन्हें भारत के खिलाफ 12 जून को खेलना है, जिससे पहले टीम को छोटा सा ब्रेक मिला है। इंडिया वर्सेस अमेरिका मैच 12 जून को न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल मैदान पर खेला जाना है।

## युवराज सिंह के साथ ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज और आवेश ने किया डिनर पार्टी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी20 विश्व कप 2024 में शानदार शुरूआत की है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत ने अपने पहले मैच में आयरलैंड को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम को ग्रुप स्टेज के अपने अगले दोनों मुकाबले न्यूयॉर्क में खेलने हैं और इस वजह से टीम के खिलाड़ियों को ब्रेक टाइम में घूमने का मौका मिल गया। भारत के क्रिकेटर ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज और आवेश खान एक रेस्टोरेंट में नजर आए और उनके साथ दिग्गज युवराज सिंह भी मौजूद रहे, जोकि आईसीसी टी20 विश्व कप के एंबेसडर भी हैं। खिलाड़ियों की मेजबानी स्टार शेफ विकास ने अपने लोकप्रिय रेस्तरां में की। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऋषभ पंत के साथ डिनर के दौरान की एक तस्वीर शेयर की है। रेस्तरां के स्टॉफ के साथ खिलाड़ियों की तस्वीरें सामने आई है।

# सुनील छेत्री ने खेला अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच कुवैत संग मैच गोलरहित ड्रॉ

**90 मिनट के इस खेल में दोनों में से कोई भी टीम गोल दागने में असफल रही।**

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। उन्होंने इस मैच से पहले ही अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था कि ये उनका आखिरी मैच होगा। कुवैत के खिलाफ टीम के अहम फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर का ये मुकाबला कोलकाता में खेला गया। हालांकि, दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला ड्रॉ रहा, 90 मिनट के इस खेल में दोनों में से कोई भी टीम गोल दागने में असफल रही।

सुनील छेत्री भारतीय फुटबॉल का एक अहम हिस्सा रहे। उन्होंने देश के लिए 151 मैचों में 94 गोल किए। इंटरनेशनल गोलस्कोररों की लिस्ट में वह इस समय चौथे नंबर पर हैं। सुनील




ने 12 जून 2005 को अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। इस मैच में ही उन्होंने अपना पहला इंटरनेशनल गोल भी दागा। छेत्री ने अपने शानदार करियर में 6 मैचों पर एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी जीता। इसके अलावा उन्हें 2011 में अर्जुन अवॉर्ड और 2019 में पद्मश्री से सम्मानित भी किया गया।

भारतीय फुटबॉल टीम के पास इस मैच को जीतकर एशियाई क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने का एक मजबूत मौका था जिससे फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सीधे प्रवेश का मौका मिल सके। लेकिन वह इस मैच को जीतने में नाकाम रही। अब टीम इंडिया 11 जून को दोहा में कतर का सामना करेगी। ये मैच टीम के लिए करो या मरो जैसा होगा। भारतीय टीम ये मैच जीतती है तो वह एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में भी अपनी जगह पक्की कर सकती है।

# कारुआना ने दी प्रज्ञानंद को मात, कार्लसन ने फिरोजा अलीरेजा को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में संयुक्त राज्य अमेरिका के फैबियानो कारुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वहीं, विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन में हराया। 16 अंकों के साथ कार्लसन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंकों की बढ़त बना ली है। आर्मगेडन में कारुआना के खिलाफ हार के बावजूद प्रज्ञानंद 13 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जो अलीरेजा से एक अंक आगे है। 10.5 अंकों के साथ कारुआना लीरेन (6) से आगे स्टैंडिंग में अगले स्थान पर हैं।

महिला वर्ग में, आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों एक और हार का सामना करना पड़ा और वह चौथे स्थान पर खिसक गईं जबकि कोनेरू हम्पी चीन की टूर्नामेंट लीडर वेन्जू जू से हार गईं। चीन की वेन्जू जू ने 16 अंक हासिल करके खिताब के लिए अपना दावा मजबूत किया। टिंगजी लेई और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक उनके पीछे 1.5 अंक हैं, जबकि वैशाली 11.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। हम्पी नौ अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। अनुभवी स्वीडिश खिलाड़ी पिया क्रैमलिंग 6.5 अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

# पेरिस ओलंपिक से पहले प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**लंदन।** पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है।

उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरूआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे ह्यह्य बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1.4 से हार गई।

बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हराया जिसके बाद भारत ने अर्जेटीना को 5.4 से मात दी। लंदन में भारत ने जर्मनी को 3.0 से हराया लेकिन ब्रिटेन से 1.3 से टीम हार गई। हार्दिक ने कहा ,ह्यह्य पूरी टीम को पता है कि पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये प्रो लीग के मैच कितने अहम है लिहाजा हम कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे।

# अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का बुलडोजर

## अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगाः ईओ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** विभिन्न सम्पर्क मार्गों पर ठेली पटरी वालों से लेकर खोखा संचालक व अस्थाई तौर पर दुकान चलाने वालों के खिलाफ नगर पालिका प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। पालिका प्रशासन की टीम ने गोविंदपुरी की बड़ी मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य बाजार से लेकर मेन मार्ग पर सड़क किनारे हुए अवैध निर्माण को तोड़ा गया। इस दौरान व्यापारियों के विरोध के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के नेतृत्व में अधिकारियों ने दुकानदारों को पहले अतिक्रमण न करने की चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया था। पालिका प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी के बीच नगर में गोविंदपुरी बड़ी मार्केट में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जेसीबी के जरिए बाजार में दुकानों के बाहर बने स्लैब व अवैध निर्माण को तोड़ा गया। अस्थाई तौर पर खोखा पटरी लगाकर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। इस मौके पर पालिका के अधिकारी अंकित चौधरी, उमेश चंद आनंद, संदीप शर्मा, रवि पटवारी आदि मौजूद रहे।

अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र का कहना है कि शहर में अतिक्रमण अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिसने भी अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रखा है, उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पालिका की ओर से पालिका मुख्यालय के आसपास का अतिक्रमण पहले ही हटाया जा चुका है, उसके बाद रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चला, अब फफराना रोड व महेश मार्ग पर किये गये अतिक्रमण को हटाया जायेगा। जेसीबी द्वारा नाले के ऊपर किये गए अतिक्रमण को गिरा दिया जायेगा। यहां जेसीबी के भय से काफी दुकानदारों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया। विरोध के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पालिका प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कुछ व्यापारियों ने सोशल मीडिया पर काफी सराहना की है।

# 20 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए हत्या

## बिजनेस पार्टनर ने घर बुलाकर एनेस्थीसिया की ओवरडोज देकर मारा

**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में प्रॉपर्टी डीलर की दिल्ली में हत्या कर दी गई। फिर उसके शव को गंगनहर में फेंक दिया। ये वारदात 20 करोड़ की प्रॉपर्टी हथियाने के लिए हुई थी। हत्या करने के लिए आरोपी ने सोची-समझी साजिश रची थी। हत्यारोपी बिजनेस पार्टनर ने पहले शराब पिलाई, फिर एनेस्थीसिया के कुल पांच इंजेक्शन लगाए। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में बिजनेस पार्टनर, हॉस्पिटल दिल्ली का नर्सिंग स्टाफ सहित कुल चार आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। ये मामला फरवरी 2024 का है। ऊढढ निमिष पाटिल आज शाम 4 बजे प्रेस वार्ता करके इस केस का अधिकारिक तौर पर खुलासा करेंगे। नर्सिंग स्टाफ सहित चार आरोपी



### गाजियाबाद में कार, बुलंदशहर नहर में मिली लाश

पुलिस ने बताया, इंदिरापुरम थाना क्षेत्र निवासी राकेश वार्ष्णेय प्रॉपर्टी बिजनेस से जुड़े हुए थे। फरवरी-2024 में उनकी कार शालीमार गार्डन इलाके में संदिग्ध अवस्था में खड़ी मिली। इस मामले में थाना इंदिरापुरम पुलिस ने उनकी गुमशुदगी दर्ज की थी। इसी बीच राकेश वार्ष्णेय की लाश बुलंदशहर जिले में गंगनहर से बरामद हुई। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई थी। अब इस केस का खुलासा हुआ है। पता चला है कि राकेश की हत्या उन्हीं के बिजनेस पार्टनर राजू उपाध्याय ने की थी, जो दिल्ली का रहने वाला है।

गिरफ्तार पुलिस ने बताया, राकेश और राजू ने नवंबर में मुरादाबाद जिले में 20 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी की डील की थी। राजू ने इस प्रॉपर्टी की पॉवर ऑफ अटॉर्नी अपने नाम करा ली। इसके बाद राजू के मन में उस प्रॉपर्टी को अकेले हड़पने की नीयत आ गई। उसने पार्टनर राकेश को रास्ते से हटाने की प्लानिंग बनाई। रवरी में ही राजू ने राकेश को दिल्ली में अपने घर पर बुलाया। उसे खूब शराब पिलाई। जब वो नशे में हो गया तो राजू ने उसको एनेस्थीसिया की पांच डोज दीं। राजू ने एनेस्थीसिया का इंतजाम गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ से किया। ओवरडोज से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद राकेश के शव को मुरादनगर गंगनहर में फेंक दिया गया, जो बुलंदशहर नहर से तभी बरामद हो गया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी राजू वार्ष्णेय, हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

# फायरकर्मियों ने नाले में गिरी गाय को सुरक्षित बचाया



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कौशाम्बी ईडीएम मॉल के पास के नाले में एक गाय गिर गई जिसकी सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से रेस्क्यू यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। घटनास्थल पर जाकर देखा कि गाय नाले के अंदर फसी हुई है। फायर यूनिट ने बिना देरी किए तत्काल रेस्क्यू करना आरंभ किया, अत्यधिक संकरे नाले में फंसे होने के कारण गाय को मुश्किल से निकाला गया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली में 15:58 बजे ईडीएम मॉल कौशाम्बी के पास के नाले में एक गाय के गिरने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से कौशाम्बी में ही रेस्क्यू के लिए गई यूनिट को यह सूचना दी गई, सूचना मिलते ही डिजास्टर वैन मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुई। तत्काल रेस्क्यू कर गाय को कड़ी मस्ककत कर सुरक्षित नाले से बाहर निकला।

# पुलिस की पकड़ से दूर है महंत, तलाश में लगातार दी जा रही है दबिश

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित गंगनहर घाट पर महिला चेजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले महंत पंद्रह दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर है। महंत की तलाश के लिए पुलिस लखनऊ ,प्रयागराज व हरिद्वार सहित अन्य स्थानों की खाक छान रही है। अब आरोपी पर इनाम घोषित करने की तैयारी की जा रही है। बता दे कि गंगनहर घाट पर 21 मई को एक महिला अपनी 14 साल की पुत्री के साथ महिला चेजिंग रूम में कपडे बदल रही थी। इसी बीच महिला की नजर सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी तो वह भड़क गई। महिला ने महंत पर सीसीटीवी कैमरे से रिकॉर्डिंग करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे के बाद पुलिस ने महंत का मोबाइल अपने कब्जे में लेकर चैक किया तो उनके भी होश उड़ गए। महंत के मोबाइल मे 320 से अधिक वीडियो क्लिप मिले। 23 मई को महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद महंत फरार हो गया। 16 दिन बीत जाने के बाद भी महंत को पुलिस पकड़ नहीं सकी है। पुलिस की कई टीम उसकी तलाश में लखनऊ ,प्रयागराज ,हरिद्वार ,मुजफ्फरनगर सहित एक दर्जन से अधिक स्थानों पर दबिश दे रही है। पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महंत ने अभी तक अपनी जमानत के लिए जिला या हाईकोर्ट में कोई याचिका नहीं डाली है। महंत मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा और उसका अपने परिवार वालों से भी कोई संवाद नहीं हो रहा है। इसके चलते पुलिस को उस तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। एसीपी नरेश कुमार का कहना है कि महंत की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# शहीद नगर नाले की सफाई को लेकर पार्षद खुर्शीदा ने नगरायुक्त को लिखा पत्र







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर में नाले की सफाई न होने से लोग परेशान हैं। नाले की सफाई को लेकर नगरायुक्त को पत्र के जरिये क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीदा कल्लन ने समस्या समाधान की मांग की। पार्षद का कहना है कि पूरा नाला गंदगी से अटा हुआ है और पानी की निकासी नहीं हो रही है। नाले में गंदगी जमा होने से चारों ओर बदबू रहती है। निगम में शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नाले की सफाई को लेकर निगम की टीम गंभीर नहीं है। महीनों तक नालों की सफाई नहीं होती है और सफाई होती है तो कोई सिल्ट उठाने नहीं आता। इससे वह सिल्ट दोबारा नाले में बह जाती है। मानसून सिर पर है, लेकिन अभी तक नगर निगम नाले की सफाई पर गंभीर नहीं हो सका है। नाले की सफाई औपचारिकता की भेंट चढ़ गई है। नाले की दशा देखने के बाद अधिकारियों के आदेश भी हवाहवाई हो रहे हैं। पार्षद खुर्शीदा कल्लन ने बताया कि उनका वार्ड 34 है इसमें शहीद नगर का बड़ा नाला है, बृजविहार तक जाता है नाले में कचरा भरा होने के कारण नाला ओवरफ्लो हो रहा है। बरसात का समय आने वाला है जिससे बरसात होने पर वार्ड में जलभराव की समस्या ना हो बड़े नाले की सफाई कराई जाए। चीफ सैनेटरी इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि इस नाले की सफाई मई में कराई थी, लेकिन लोग घरों से निकालकर अपना कूड़ा नाले में डाल देते हैं जिस कारण नाले के गंदगी दिखाई दे रही है।





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद बने और शुक्रवार को उन्होंने संसद भवन के केन्द्रीय सभागार में संविधान को नमन किया। इस खुशी को उनके प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेदी वालों ने संसद भवन के बाहर साझा किया। ये भाव ये लगाव भी अद्भुत है। अंदर लोक सभा सांसद अतुल गर्ग ने संविधान को नमन किया और बाहर उनके लोकसभा प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेदी वालो ने देश का गौरव राष्ट्रीय ध्वज लहराया और ढोल की थाप पर अपनी खुशी का इजहार किया।

## न्यूज डायरी

### अरुण गोविल को मेरठ से सांसद चुने जाने पर दी बधाई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश महासचिव संजीव शर्मा ने रामायण अभिनीत राम व मेरठ के नवनिर्वाचित सांसद अरुण गोविल को बुके भेंट कर उन्हें जीत की बधाई दी। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश महासचिव संजीव शर्मा ने सांसद अरुण गोविल से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए और बधाई दी। साथ ही विश्वास जताया कि अरुण गोविल आगामी पांच वर्ष तक अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सर्वमुखी विकास, जनसुविधाओं तथा मजदूरों के हित संरक्षणार्थ अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे तथा मतदाताओं के विश्वास व प्रेम को यथावत बरकरार रखेंगे। अरुण गोविल ने संजीव शर्मा व उनके साथियों का आभार जताया और उन्हेंने आश्वस्त किया कि वह अपने दायित्वों तथा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करते हुए मतदाताओं की जनभावनाओं को सम्मान देंगे। किसी भी प्रकार की कोताई नहीं बरतेंगे। साथ ही बुजुर्गो का मार्गदर्शन भी बराबर लेते रहेंगे।

### जूस की दुकान पर अवैध शराब बेचते दबोचा



मोदीनगर, करंट क्राइम। शराब के ठेके के समीप जूस की दुकान पर अवैध शराब बेचते हुए एक युवक को आबकारी विभाग की टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। उसके पास से दो कट्टों में अंग्रेजी व देसी शराब बरामद की गयी है।

आबकारी निरीक्षक देंवेद्र सिंह ने टीम के साथ शाम कस्बा निवाड़ी मार्ग स्थित शराब ठेके के समीप एक जूस की दुकान पर छापा मारा। छापे के दौरान वहां मौजूद एक शराब तस्कर को दबोच लिया। पकड़ा गया अभियुक्त विपिन उर्फ सोनू निवासी कस्बा निवाड़ी है। पूछताछ में उसने बताया कि वह हरियाणा से तस्करी की शराब लाकर बेचता है। उसके पास से पुलिस ने अंग्रेजी शराब की 20 बोतलें व देशी शराब के 48 पव्वे बरामद किये हैं।

### जिला बदर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

मोदीनगर,करंट क्राइम। पुलिस ने जिला बदर चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मतलूब उर्फ टब्बन निवासी गांव सुराना थानान्तर्गत निवाड़ी का रहने वाला है। गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई होने पर पुलिस कमिश्नर की ओर से गत माह 21 मई को इसे जिला बदर किया गया था लेकिन यह गांव में ही रह रहा था। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### पुलिसकर्मियों द्वारा युवक की मारपीट का वीडियो वायरल

मुरादनगर( करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर पुलिस एक युवक को पीटते हुए ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया गया है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि ब्यूरो प्रमुख नहीं करता है। सोशल मीडियो पर एक सवा दो मिनट का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तीन पुलिसकर्मी एक युवक को पकड़ कर ले जा रहे है। वह युवक को गंगनहर पटरी से पैदल ही दिल्ली मेरठ मार्ग पर ले जा रहे है। पुलिसकर्मी युवक के साथ बीच बीच में मारपीट कर रहे है। युवक के शरीर पर अंडरवियर व बनियान है और पैर मे चप्पल में भी नहीं है। पुलिसकर्मी युवक को जबरन जीप में डाल देते है। जब वीडियो की पड़ताल की तो पता चला कि बडौत निवासी युवक नहर में नहाने के लिए नगर की गंगनहर में नहाने के लिए आया था। जब वह नहर में नहा रहा था तो इसी बीच पुलिसकर्मी आ गए। पुलिस ने युवक ने नहर में नहाने पर प्रतिबंध होने की बात कहकर नहाने से मना किया। युवक ने ऐसी कोई जानकारी होने से इंकार किया। इस बात को लेकर पुलिसकर्मियों ने युवक के साथ अभद्रता की। किसी ने इसका युवक के साथ मारपीट का वीडियो बनाकर एक्स पर पोस्ट कर दिया। डीसीपी ग्रामीण ने मामले की जांच एसीपी को दी है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई करने की बात कहीं जा रही है।

# अज्ञात शव की नहीं हुई शिनाख्त

## बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मारकर की थी हत्या



**मुरादनगर(करंट क्राइम)।** नगर के गांव जलालाबाद के मुख्य मार्ग पर ट्यूबवैल के पास मिले अज्ञात शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हुई है। बदमाशों ने युवक के सिर में गोली मारकर हत्या की थी। शिनाख्त होने के बाद ही हत्या का कारण का पता चल पाएगा। बता दे कि गांव जलालाबाद के मुख्य मार्ग पर गुरुवार दोपहर को ट्यूबवैल के पास एक युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस के अनुसार युवक के सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। हत्या किसी अन्य स्थान पर करके शव को यहां पर फेंका गया है। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस मृतक की शिनाख्त नही कर सकी है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास में लगी हुई है। आसपास थानों में मृतक का फोटो भेजा गया है। एसीपी का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद ही मौत का कारण का पता चल पाएगा। जल्द शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए पुलिस की कई टीमों का लगाया गया है।

# यूपी में 43 सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया सपा मुखिया ने : वीरेंद्र यादव



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** सपा के महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 18वीं लोकसभा में 37 सीटें जीतकर समाजवादी पार्टी को देश की सबसे बड़ी पार्टियों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है। उनकी दूरदृष्टि, पक्का इरादा और कार्यकर्ताओं में अनुशासन की प्रेरणा ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में बैकफुट पर लाकर बहुत पीछे छोड़दिया। उप्र से 43 सीट पर जीत का परचम लहरा दिया। वीरेंद्र यादव ने कहा कि सपा सुप्रीमो ने लगातार सामाजिक सद्भाव, न्याय, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी की विभाजनकारी नीतियों और क्रिया कलापों का पुरजोर विरोध किया, और जनता को समझाने में सफल रहे कि डबल इंजन की सरकार आपके मूलभूत अधिकारों पर कुठराघात कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की जनता को संदेश देने में सफल रहे कि असली हितैषी समाजवादी पार्टी है जो सरकारी अन्याय, अत्याचार, मंहगाई, बेरोजगारी, शोषण और अनाचार से मुक्त उत्तर प्रदेश को करने के लिए तथा संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को बचाने के लिए संसद से सड़क तक संघर्षरत और प्रतिवद्ध हैं। इस लड़ाई को लड़ने की प्रेरणा उन्हें समाजवादी नेताओं, राजनीतिक चिंतकों, सामाजिक विचारकों और संत महात्माओं, समाज सुधारकों के व्यक्तित्व और कृतित्व से मिली। सपा के महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल होकर अखिलेश यादव ने सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारा की विचारधारा वाले मतों को विखरने से बचा लिया है, इंडिया गठबंधन कम से कम 20 सीटों पर अब भी बहुत कम अंतर से असफल हुआ, उसका कारण बहुजन समाज पार्टी की अहंकारी सोच के कारण इंडिया गठबंधन का हिस्सा न बन सकी, नहीं तो उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा होता, फिर भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अखिलेश की जोड़ी ने उ प्र में अच्छा प्रदर्शन किया।

# अब रफ्तार पकड़ेंगे विकास कार्य

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लागू आदर्श आचार संहिता शाम को हट गई। इसके हटने से जनपद में रुके हुए विकास कार्यों को अब रफ्तार मिलेगी। इसमें इंदिरापुरम नगर निगम को हस्तांतरण करना प्रमुख है, जिससे करीब डेढ़ लाख आबादी को फायदा होगा। इसके अलावा मास्टर प्लान 2031 लागू होने से इंदिरापुरम मेट्रो विस्तार, रामायण थीम पार्क, बटर फ्लाई पार्क आदि प्रोजेक्ट का काम आगे बढ़ेगा। लोकसभा चुनाव के कारण पिछले तीन महीने से आचार संहिता लगी हुई थी। इस कारण जिले में कोई भी नया प्रोजेक्ट नहीं चल पा रहा था। कई प्रोजेक्ट शुरू होने से पहले ही रुक गए थे। अब आचार संहिता हटने के बाद जिले का विकास रफ्तार पकड़ेगा। इसमें मुख्य रूप से इंदिरापुरम आवासीय योजना नगर निगम को हस्तांतरण होना है। इसको लेकर नगर निगम और जीडीए की संयुक्त टीम ने भौतिक निरीक्षण कर लिया है, जबकि ड्रोन सर्वे होना बाकी है। अब इसकी प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हस्तांतरण कराया जाएगा। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि वर्ष 1987 में इंदिरापुरम योजना को शुरू किया था।

# राम कथा के पांचवे दिन किया गया सीता स्वयंवर का वर्णन






**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन जे शिव चौक पर चल रही श्रीराम कथा के पांचवे दिन पं.कृष्ण प्रताप तिवारी चित्रकूट धाम वालों ने कहा कि प्रभु श्रीराम न वन गमन के दौरान दानवों को मार भगाया, पूरे वन में शांति हो गई। हवन यज्ञ शुरू हो गये। उसके बाद राजा जनक के यहां माँ सीता के वर योग्य के लिए धनुष यज्ञ कराया जा रहा था तो उनका निमंत्रण विश्वामित्र पर आया। भगवान राम और उनके भाई लक्ष्मण को लेकर विश्वामित्र ने जनकपुर के लिए प्रस्थान किया। रास्ते में माता आहिल्या बाई को भगवान राम ने चरण स्पर्श करवाकर श्राप से मुक्ति दिलाई और जनकपुर धाम पहुंच गये। वहाँ पर दूर दूर से बड़े बड़े योद्धा राजा राजकुमार धनुष यज्ञ में भाग लेने के लिये पहुचे हुए थे। सभी ने धनुष को उठाने और तोड़ने का प्रयास किया परन्तु कोई राजा उस धनुष को हिला भी भी सका अंत में राजा जनक ने कहा कि भारतवर्ष में कोई ऐसा योद्धा नहीं जो उस धनुष को तोड़ सके। इस चुनौती को स्वीकार करके विश्वामित्र से अनुमति लेकर श्रीराम धनुष यज्ञ में गये और धनुष को उठाकर उसकी डोर को खींचा और धनुष टूट गया। सारे जनकपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। जनक ने खुश होकर माता सीता को बुलाया और माता सीता ने वर माला भगवान राम के गले में डाल दी। सारे विश्व में नजारा बदल गया। देवता आकाश से फूलों की वर्षा करने लगे और राम सीता का विवाह राजा दशरथ के चारों पुत्रों को बुलाकर जनक ने अपनी चारों पुत्रियों के साथ विवाह कर दिया। पंडित कृष्ण प्रताप तिवारी ने कहा कि कि प्रेम प्रकट हो जाए तो परमात्मा खुद प्रकट हो जाएंगे। प्रेम के बिना जीवन का कोई अर्थ नहीं है। इस अवसर पर पार्षद राजीव भाटी, पार्षद प्रतिनिधि ,युग गुर्जर, डॉ.सकलानी, राज किशन अग्रवाल, निलेश मित्तल, गोपाल दत्त शर्मा, हरी अग्रवाल, राधे श्याम, छोटे लाल तिवारी, बीएन तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में भाजपा की हार पर लोगों को गाली देने वाले गाजियाबाद से गिरफ्तार, कन्हैया कुमार से जुड़ा लिंक




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अयोध्या लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की हार के बाद अयोध्या के मतदाताओं के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दक्ष चौधरी और अन्नू चौधरी हिंदू रक्षा दल से जुड़े हैं। दक्ष चौधरी पहले भी चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार को थप्पड़ मारकर विवाद में आ चुका है।

### अयोध्या के मतदाताओं को गालियां दी

लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा को उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा झटका लगा। खासकर अयोध्या (फैजाबाद) सीट पर बड़ा झटका लगा है, जहां समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद ने करीब 55 हजार वोटों से जीत दर्ज की। इस हार पर कथित तौर पर हिंदू संगठनों से जुड़े लोग और सोशल मीडिया यूजर्स अयोध्या के मतदाताओं के लिए अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे थे।

### दोनों के सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स

दक्ष चौधरी गौरक्षक होने का दावा करता है और ऑनलाइन कपड़े का भी काम करता है, जबकि अन्नू चौधरी केवल गौरक्षक है। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं और 3-4 गौशालाएं चलाते हैं। दक्ष के इंस्टाग्राम पर 4 लाख और अन्नू के 12.4 हजार फॉलोअर्स हैं। इन दोनों को पहले भी शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### दक्ष चौधरी और अन्नू चौधरी गिरफ्तार

गाजियाबाद पुलिस के सहायक आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मतदाताओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नीयत से अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस पर थाना टीला मोड़ में केस दर्ज कर दोनों नामजद आरोपियों दक्ष चौधरी और अन्नू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# शहबाज शरीफ ने चीनी प्रधानमंत्री से की मुलाकात

## सीपीईसी कॉरिडोर की रक्षा करने की खाई कसम

**बिजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि शरीफ और कियांग ने सीपीईसी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में ग्वादर के महत्व पर चर्चा की। चीन और पाकिस्तान ने कसम खाई कि वे विरोधियों से सीपीईसी कॉरिडोर की रक्षा करेंगे।

पाकिस्तान ने चीन को आश्वस्त किया है कि वे परियोजना में काम कर रहे चीनी कर्मियों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करेंगे। दरअसल, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरान शुक्रवार को उन्होंने चीनी प्रधानमंत्री ली-कियांग से मुलाकात की। बता दें, शरीफ चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा पर हैं। यहां वे 65 अरब



डॉलर की लागत वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कॉरिडोर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का प्रमुख हिस्सा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि शरीफ और कियांग ने सीपीईसी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में ग्वादर के महत्व पर चर्चा की।

उन्होंने बलूचिस्तान के ग्वादर को एक क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र में बदलने के लिए सभी संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की। बयान में आगे कहा गया कि दोनों नेताओं ने सीपीईसी को उसके विरोधियों से भी बचाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने एक-दूसरे के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री कियांग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के चुनाव पर प्रधानमंत्री शरीफ को बधाई दी।

### सीपीईसी कॉरिडोर का भारत करता है विरोध

सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है। भारत इसका विरोध कर रहा है क्योंकि इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के माध्यम से बनाया जा रहा है। सीपीईसी को लेकर एक बार जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है कि तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर एससीओ की बैठक में एक बार नहीं बल्कि दो बार यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया था कि कनेक्टिविटी प्रगति के लिए अच्छी है, लेकिन कनेक्टिविटी किसी देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

# चीन की नाराजगी पर ताइवान ने दिखाई आंखें

## भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित





**ताइपे।** ताइवान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किए एक बयान में कहा, 'दो लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के बीच शुभकामनाओं के आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है।' ताइवान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत के लिए बधाई दी तो चीन भड़क गया और इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी देशों को वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करना चाहिए। चीन की नाराजगी पर अब ताइवान ने भी ड्रैगन को आंखें दिखाई हैं और कहा है कि वह भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।

### ताइवान के विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

ताइवान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किए एक बयान में कहा, 'दो लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के बीच शुभकामनाओं के आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है। डराना और धमकाना कभी भी दोस्ती को नहीं पनपने देता। ताइवान आपसी फायदे और साझा मूल्यों के चलते भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है।'

क्या है मामला दरअसल भारत के आम चुनाव के नतीजों में कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की जीत मिली है और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस पर दुनियाभर के नेता प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने भी नरेंद्र मोदी को जीत की बधाई दी, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी जवाब में ताइवान के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। इस पर चीन भड़क गया और एक चीन नीति के हवाले से दोनों नेताओं के आपसी शुभकामनाओं के आदान-प्रदान पर नाराजगी जताई।

### भारत स्थित चीनी दूतावास ने जारी किया बयान

भारत में स्थित चीनी दूतावास ने भी गुरुवार को एक बयान में कहा कि ताइवान चीन का अभिन्न अंग है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक चीन नीति सार्वभौमिक तौर पर मान्यता प्राप्त मापदंड है। चीनी दूतावास ने कहा कि भारत के चीन के साथ कूटनीतिक रिश्ते हैं और भारत चीन की स्थिति को जानता है। एक चीन नीति के संदर्भ में भारत ने गंभीर राजनीतिक प्रतिबद्धताएं की हैं और उसे इन्हें मान्यता देते हुए ताइवान के किसी भी विरोध को लेकर सावधान हो जाना चाहिए।

# सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद ने पीएम मोदी को दी जीत की बधाई

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को उनकी जीत पर बधाई दी। सद्भावना का यह संकेत सऊदी अरब और भारत के बीच मजबूत राजनयिक संबंधों का प्रतीक है और दोनों देशों के बीच साझा आपसी सम्मान और सहयोग को उजागर करता है। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को आम चुनावों में उनकी राजनीतिक पार्टी की जीत पर बधाई दी।

**ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग ने भी दी बधाई :** वहीं इससे पहले आज विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री सीनेटर पेनी



वोंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग के साथ सार्थक बातचीत के लिए आभार व्यक्त किया।

जयशंकर ने भारत-ऑस्ट्रेलिया मित्रता की स्थायी ताकत में अपने विश्वास पर जोर दिया और इसकी निरंतर समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट भी लिखा, इस दौरान उन्होंने कहा, 'आज पेनी वोंग से बात करके अच्छा लगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए उनकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। विश्वास है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती समृद्ध होती रहेगी।'

**अन्य नेताओं ने भी पीएम मोदी को दी बधाई**

जानकारी के लिए बता दें कि 2024 लोकसभा चुनाव की गिनती 4 जून को हुई। भारत के चुनाव आयोग के अनुसार, भाजपा ने 240 सीटें जीतीं और अपने सहयोगियों के साथ संसद में 292 सीटें हासिल कीं।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने 99 सीटें जीतकर मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की। अन्य नेताओं ने भी लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी जीत पर पीएम मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को बधाई दी।

# ऑपरेशन ब्लूस्टार की साजिश में शामिल थीं ब्रिटिश पीएम

## लेबर पार्टी बोली : सत्ता में आए तो थैचर सरकार की भूमिका की जांच कराएंगे

### ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होंगे

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होंगे। कई सर्वे में ये अनुमान लगाया गया है कि इस बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी सरकार बना सकती है। इस बीच लेबर पार्टी ने घोषणा की है कि अगर इस चुनाव में उनकी जीत होती है तो सरकार बनाने के बाद वे 1984 में भारत में हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार में ब्रिटिश सरकार की भूमिका की जांच कराएंगे। लेबर पार्टी की नेता एंजेला रेनॉर ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40 साल पूरे हो चुके हैं। हमारी पार्टी सिख समुदाय के साथ खड़ी है।

हम उनकी मांग के मुताबिक लेबर पार्टी की सरकार बनने पर सच का पता



लगाने की पूरी कोशिश करेंगे। कोवेंट्री साउथ से लेबर उम्मीदवार जारा सुल्ताना ने दावा किया कि ऑपरेशन ब्लू स्टार घटना में ब्रिटेन की तत्कालीन पीएम रहीं मार्गरेट थैचर की भूमिका को हम सबसे छुपाया गया है। स्लाव से लेबर उम्मीदवार तनमनजीत सिंह धेसी ने पोस्ट कर लिखा कि इंदिरा गांधी ने स्वर्ण मंदिर परिसर पर हमला करने की अनुमति दी थी। अब तक इस घटना के पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है। न ही ब्रिटिश सरकार ने इस घटना में तत्कालीन ढट रहीं मार्गरेट थैचर की भूमिका की कोई जांच की है। धतनमनजीत सिंह ब्रिटिश संसद में पगड़ी पहनने वाले पहले सांसद थे। ऑपरेशन ब्लूस्टार में ब्रिटिश एयर सर्विस ने मदद की थी ये पहली बार नहीं है जब लेबर पार्टी के नेताओं ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में थैचर सरकार की भूमिका की जांच की मांग की है। वे पिछले 10 सालों से ये मांग कर रहे हैं। दरअसल, 2014 में ऑपरेशन ब्लूस्टार घटना के 30 साल पूरे होने पर एक रिपोर्ट आई थी।

इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पर हुई भारतीय सेना की कार्रवाई में ब्रिटिश स्पेशल एयर सर्विस ने मदद की थी। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि तब ब्रिटिश एयर स्पेशल सर्विस कमांडर ने इंदिरा गांधी सरकार को स्वर्ण मंदिर में छुपे खालिस्तानियों को मारने की सलाह दी थी। ये सलाह जून 1984 में ऑपरेशन ब्लूस्टार लॉन्च होने से 3 महीने पहले दी गई थी। इंग्लैंड की एक संस्था द्यसिख फेडरेशन यूकेद्ध ने ये रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट्स में बताया गया था कि इससे जुड़ी जानकारियों को तब सीक्रेट रखा गया था। सारी फाइलें क्लासिफाइड लिस्ट में डाल दी गई थीं। हालांकि बाद में इसमें से कुछ फाइलें लीक हो गई थीं। इसके बाद 2014 में डेविड कैमरून की सरकार ने जांच का आदेश दिया था। साल 2014 में ब्रिटेन के विदेश सचिव विलियम हेग ने हाउस ऑफ कॉमन में बताया था कि ऑपरेशन ब्लू स्टार में ब्रिटिश सरकार की भूमिका बेहद लिमिटेड थी। इसमें ब्रिटिश सरकार की भूमिका सिर्फ एक सलाह देने तक थी।

क्या था ऑपरेशन ब्लूस्टार खालिस्तान समर्थक जरनैल सिंह भिंडरांवाले को पकड़ने के लिए 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया गया था।

# यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा फ्रांस

**पेरिस।** फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा और उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करेगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांसीसी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। मैक्रों ने गुरुवार शाम को कहा, हम एक नये सहयोग की शुरूआत करेंगे और मिराज 2000-5एस भेजेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि फ्रांसीसी नेता ने 4,500 सैनिकों की एक पूरी यूक्रेनी बटालियन को प्रशिक्षित करने का भी वादा किया, जिसे युद्ध के मैदान में तैनात किया जाना है। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की डिलीवरी से ३तनाव नहीं बढ़ेगा३ और वादा किया कि इनका इस्तेमाल नागरिकों पर बमबारी करने के लिए नहीं किया जाएगा३। इसके अतिरिक्त, मैक्रों ने यूक्रेन में सैन्य प्रशिक्षकों को भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। मिराज 2000 एक फ्रांसीसी बहु-उद्देशीय, एक इंजन वाला चौथी पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जिसे दासो एविएशन द्वारा बनाया गया है। फरवरी के अंत में पेरिस में एक बैठक के दौरान, मैक्रों ने सुझाव दिया था कि यूरोपीय देशों को यूक्रेन में सैनिकों को भेजना चाहिए।

# रूस में चार भारतीय मेडिकल छात्र नदी में डूबे

## नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में कर रहे थे पढ़ाई

**मास्को।** रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक तेज बहाव वाली नदी में डूबने से चार भारतीय मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। मरने वाले सभी छात्र हर्षल अनंतराव देसाले, जिशान अशपाक पिंजारी, जिया फिरोज पिंजारी और मलिक गुलामगौस मोहम्मद याकूब महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले थे। वे नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे।

स्थानीय लोगों ने उनके साथ मौजूद निशा भूपेश सोनावणे को बचा लिया। अब तक वोल्खोव नदी से दो शव निकाले गए हैं। बाकी की तलाश जारी



है। सभी अपने साथ पढ़ने वाली एक छात्रा को बचाने की कोशिश में डूब गए। उनकी उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच थी। जिशान और जिया महाराष्ट्र के जलगांव के अमलनेर के रहने वाले थे। वह भाई-बहन थे। हर्षल देसले जलगांव के ही भडगांव के रहने वाले थे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सेंट पीटर्सबर्ग में भारतीय वाणिज्य दूतावास, विश्वविद्यालय और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मास्को में भारतीय दूतावास ने कहा है कि दुर्घटना में बचाई गई छात्रा को मेडिकल सुविधा दी जा रही है।

### नदी में खड़े होकर किया था वीडियो कॉल

एक छात्र जिशान के परिजन ने बताया कि सभी छात्र शाम को खाली समय में वोल्खोव नदी के किनारे टहल रहे थे। अचानक वे नदी में प्रवेश कर गए। नदी में खड़े होकर जिशान ने उन्हें वीडियो कॉल किया था। उनके पिता और परिवार के अन्य लोग जिशान और सभी छात्रों से पानी से बाहर निकलने को लगातार कह रहे थे, तभी तेज लहर उन्हें बहा ले गई।

# अमेरिकी कांग्रेस को संबोधन में गाजा युद्ध का बचाव करेंगे बेंजामिन नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 24 जुलाई को एक संयुक्त बैठक में अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। नेतन्याहू भाषण में गाजा में अपने युद्ध के बारे में विस्तार से बताएंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन गाजा में एक स्थायी युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी संघर्ष पर और अधिक विभाजित हो रही है। भाषण की तारीख घोषित होने से पहले ही कई वामपंथी डेमोक्रेट्स ने हमास के साथ युद्ध में नेतन्याहू के व्यवहार



को लेकर उनका बहिष्कार करने की बात कही है। नेतन्याहू को यह निमंत्रण पिछले हफ्ते अमेरिकी कांग्रेस में दोनों दलों के नेताओं ने दिया था, जिनमें सीनेट में बहुमत के नेता डेमोक्रेट चक शूमर भी शामिल थे। वह नेतन्याहू के कड़े आलोचक रहे हैं। चक शूमर ने हाल ही में इजरायल में नए चुनाव कराने का आह्वान किया था। सदन के स्पीकर माइक जॉनसन ने गुरुवार देर रात 24 जुलाई की तारीख का ऐलान किया। जॉनसन ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम लोकतंत्र की रक्षा, आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्र में न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति स्थापित करने के लिए इजरायल सरकार के दृष्टिकोण को सुनने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि पिछले साल 7 अक्टूबर से शुरू हुए युद्ध में गाजा में 36 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। उनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

# बांग्लादेशी सांसद की हत्या के एक आरोपी को नेपाल ने भारत को सौंपा

**काठमांडू।** बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) के चार सदस्य हुसैन को लेने काठमांडू गई थी। टीम ने नेपाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात की और उनसे हुसैन को निर्वासित करने का अनुरोध किया लेकिन नेपाल ने उनके अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया। कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद की हत्या का मामला इन दिनों चचाओं में हैं। हत्याकांड से जुड़े एक आरोपी को नेपाल ने आज भारत को प्रत्यर्पित कर दिया है।

आरोपी बांग्लादेश का नागरिक है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। बता दें, हत्या के बाद हुसैन नेपाल फरार हो गया था, जिसे नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया था। नेपाली मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश पुलिस चाहती थी कि हुसैन को उनके हवाले किया जाए लेकिन नेपाल ने



उसे भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) के चार सदस्य हुसैन को लेने काठमांडू गई थी। टीम ने नेपाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात की और उनसे हुसैन को निर्वासित करने का अनुरोध किया लेकिन नेपाल ने उनके अनुरोध को नजरअंदाज कर दिया। क्योंकि नेपाल और बांग्लादेश के बीच ढाका के साथ कोई भी प्रत्यर्पण संधि नहीं है। इलाज के लिए कोलकाता आए थे बांग्लादेशी सांसद बांग्लादेशी सांसद इलाज के लिए कोलकाता आए थे। उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद अजीम 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे।

# आठ महीने से जारी युद्ध के बीच इस्राइली पीएम का यूएस दौरा, 24 जुलाई को सांसदों को संबोधित करेंगे!



### सात महीने और चल सकता है युद्ध

इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, तजाची हनेग्बी ने हाल ही में कहा था कि हमारे युद्ध मंत्रिमंडल ने 2024 को लड़ाई का वर्ष घोषित किया है। हनेग्बी ने कहा कि मई 2024 का पांचवां महीना हैं। इसका अर्थ है कि हमास की सैन्य और सरकारी क्षमताओं को नष्ट करने के लिए हमें सात और महीने युद्ध करना पड़ सकता है। बता दें, इस्राइली अधिकारी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मध्य राफा में देखे गए टैंक बुधवार को दक्षिणी गाजा शहर की ओर बढ़ते दिखे। इस्राइल पर बढ़ते वैश्विक दबाव के बावजूद यह कार्रवाई जारी है।

वाशिंगटन। अमेरिकी नेता का कहना है कि नेतन्याहू का दौरा अमेरिका-इस्राइल के मजबूत रिश्तों को दशार्ता है। इस्राइली पीएमओ ने यात्रा की हामी तो भर दी है, पर अभी यह तय नहीं हो सका है कि वे कब दौरा करेंगे और कब अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे। हमास के साथ जारी युद्ध के बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका का दौरा करेंगे। रिपब्लिकन पार्टियों के नेताओं का कहना है कि इस्राइली पीएम 24 जुलाई को अमेरिकी कांग्रेस में सांसदों को संबोधित कर सकते हैं। यह दौरा इस्राइल के लिहाज से अहम माना जा रहा है क्योंकि, कूटनीतिक रूप में वैश्विक स्तर पर युद्ध के कारण इस्राइल अलग-थलग पड़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले सप्ताह ही एक इस्राइली तीन-चरणीय योजना पेश की थी।

इससे संघर्ष को समाप्त हो जाएगा, सभी बंधक भी मुक्त हो जाएंगे और हमास के सत्ता में आए बिना तबाह फलस्तीन का पुनर्निर्माण हो सकेगा। हालांकि, इस्राइली प्रधानमंत्री का जोर है कि जब तक कि इस्राइल सभी लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक युद्ध समाप्त नहीं करेगा।

इस्राइली लक्ष्यों में हमास का विनाश भी शामिल है। अमेरिकी सदन के दोनों पक्षों के चार शीर्ष नेताओं ने पिछले सप्ताह ही नेतन्याहू से भाषण देने के लिए कहा था, जिसमें आंतकवाद और अमेरिकी-इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाए जाने का विषय अहम है। अमेरिकी नेता का कहना है कि नेतन्याहू का दौरा अमेरिका-इस्राइल के मजबूत रिश्तों को दशार्ता है। इस्राइली पीएमओ ने यात्रा की हामी तो भर दी है, पर अभी यह तय नहीं हो सका है कि वे कब दौरा करेंगे और कब अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे।

सात अक्तूबर से जारी है युद्ध गौरतलब है कि सात अक्तूबर की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइली शहरों पर दागे गए थे. जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइल ने इस हमले को आंतकी हमला करार दिया है।

इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कमस खाई है कि वह जब तक हमास को पूर्ण रूप से खत्म नहीं कर देते, तब तक वे युद्ध विराम नहीं करेंगे।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सुरक्षा परिषद के पांच नये सदस्य चुने



**न्यूयॉर्क।** डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया वर्ष 2025 में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल होंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा की गुरुवार को हुई बैठक में इन नये सदस्यों का चयन किया गया। ये इक्वाडोर, जापान, माल्टा, मोजाम्बिक और स्विट्जरलैंड की जगह लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र की एक मात्र एजेंसी है जिसके पास बाध्यकारी प्रस्ताव पारित करने का अधिकार है।

अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य हैं जिनके पास किसी भी प्रस्ताव को वीटो करने का अधिकार है। इनके अलावा अन्य 10 अस्थायी सदस्य भी होते हैं, जिन्हें आम सभा द्वारा दो-दो साल के लिए चुना जाता है। संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने कैमरून के प्रधानमंत्री फिलमोंग यांग को एक साल के लिए नया अध्यक्ष चुना है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि यांग एक गौरवान्वित अफ्रीकी हैं जो अपने महादेश के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके पास काफी अनुभव है। उन्होंने कहा, मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं। वह अफ्रीका और विकासशील देशों के लिए न्याय हासिल करने के लिए सदस्य देशों के साथ सर्व स्वीकार्य समाधान पर काम करेंगे।

# भाजपा महानगर मुख्यालय पर संजीव शर्मा ने 'धन्यवाद भारत' 'धन्यवाद गाजियाबाद' उद्घोष के साथ जश्न मनाया



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं के संग भाजपा की जीत की खुशी में 'धन्यवाद गाजियाबाद' 'धन्यवाद भारत' के उद्घोष के साथ जश्न मनाया।

तीसरी बार मोदी सरकार बनने और गाजियाबाद लोकसभा से अतुल गर्ग द्वारा प्रदेश की दूसरी बड़ी जीत हासिल करने की खुशी में मिठाई बांटकर, ढोल नगाड़े के साथ आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर संजीव शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की विजय के सफल आयोजन के लिए चुनाव आयोग की पूरी टीम, संगठन की समस्त इकाइयों का दिल से आभार करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि तीसरी बार फिर से मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प आगे बढ़ेगा। एनडीए की सरकार अपने लक्ष्यों की पूर्ति करेगी। संजीव शर्मा ने कहा कि लोकसभा के इतिहास में जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार पीएम बनने वाले पहले नेता पीएम मोदी होंगे। उन्होंने कहा कि तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना मतलब देशवासियों ने भाजपा पर, एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है। यह विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है। यह विकसित भारत के प्रण की जीत है।

यह सबका साथ, सबका विकास के मंत्र की जीत है। यह 140 करोड़ भारतीयों की जीत है। धन्यवाद गाजियाबाद - धन्यवाद भारत। इस मौके परअशोक गोयल, अनिल स्वामी, राजीव त्यागी, पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, संदीप त्यागी, राजीव त्यागी, सरदार एसपी सिंह,प्रदीप चौधरी, अतुल जैन, ओपी अग्रवाल, बी एल गौतम, धीरज शर्मा प्रीति चंद्रा, उदिता त्यागी, जमालुद्दीन अल्वी, रुचि गर्ग, रनिता सिंह, भक्ति सिंह, रेणु चंदेला, सुमन सिंह, किरन सिंह, वीरेन्द्र सारस्वत, सुशील गौतम, संजीव चौधरी, कविता सिरोही, प्रतीक माथुर, कामेश्वर त्यागी आदि उपस्थित रहे।





▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब अब हो गये हों गाज़ियाबाद से पूर्व ? मगर सुना है उनकी बिरादरी का एक चेहरा अभी भी उनसे प्यार दिखा रह है अभूतपूर्व ? अभी भी ये चेहरा अपने होर्डिंग पर खुद को उनका प्रतिनिधि लिखकर कर रहा है संबोधित ? अभी भी इस चेहरे ने पुरानी व्यवस्था को नहीं किया है शोधित ? ये युवा ठाकुर चेहरा अरुण जी के प्रिय चेहरे का बताया जाता है ? बात किसकी हो रही है, इस एग्जाम्पल को देखकर समझ ही गए होगे आप ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा लोटस का ध्यान आज भी है जनरली साहब के बर्थडे पर फोकस ? सुना है अभी भी एक बात को लेकर लोटस का मन है बहुत ज्यादा खराब ? ये चेहरा जहां भी जाता है तो यही ज़िक्र करता है कि पता नहीं क्यों नहीं हमे उनके बर्थडे पर बुलाया गया साहब ? हम तो मोबाइल पर बार बार कर रहे थे जनरली साहब के बर्थडे के इनविटेशन का इंतजार ? हमे पता है साहब को तो हम से कोई दिक़्कत नहीं ? इग्नोर उन लोगों ने किया है, जो खुद को बताते है साहब का बहुत बड़ा सिपहसलार ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कन्नौजा वाले पंडित जी ने जब से जीता है बैंक वाला चुनाव ? हम देख रहे है वो तब से देखने लगे है राजनीति के अब बड़े बड़े ख़्वाब ? हमे पता चला है कि उन्होंने अपने खास लोगों से अरमान किए है प्रकट ? कहा है कि हमको लगता है, हम भी पहुँच सकते है विधानसभा के निकट ? ब्राह्मण फैक्टर पर हम भी शहर सीट से विधानसभा का उपचुनाव लड़ने को है तैयार ? आखिर हमारा कौनसा कमजोर है किरदार ? बस हमे है अध्यक्ष जी के आशीर्वाद का इंतजार ? उनकी हुई कृपा तो हो जाएगा हमारा भी बेड़ा पार ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था मतगणना स्थल के बाहर मौजूद ? यहाँ पर शुरू से ही मजबूत दिख रहा था गर्ग साहब का वजूद ? वो करा रहे थे कार्यकताओं से बहुत ही ज्यादा अपनेपन का एहसास ? कह रहे थे, देखो जितना मैं आप लोगों के लिए यहाँ पर हूँ पूरी आसानी से मौजूद ? एक बात बताओ क्या इतने सामान्य तौर पर आप बैठ सकते थे साहब के साथ ? हमने देखा कार्यकर्ता मिला रहे थे गर्ग साहब की हाँ में हाँ ? कह रहे थे यूँ तो हमने कई जनप्रतिनिधि देखे है, लेकिन आज तक आप सा नहीं देखा ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मतगणना के एजेंट बनाये गये थे भगवा संगठन के दो पदाधिकारी ? एक थे मिस्टर त्यागी और दूसरे वो थे जिनके आये दिन चोधराहट दिखाने वाले किससे होते है अकसर जारी ? सुना है इन्होंने काउंटिंग में बिलकुल भी नहीं दिया टाइम ? कमांडर की नजर हटते ही इन्होंने काउंटिंग के बीच से बाई मार दिया बंक ? सुना है गर्ग साहब को लग गई है इन बंकबंकुरों की जानकारी ? उनकी नजरों में घट गये है इन दोनों के अंक ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हिम थे मतगणना स्थल के बाहर ? हम देख रहे थे एक भगवा विधायक के तेवर थे धारधार ? वो खुलकर कह रहे थे कार्यकताओं से एक बात बार बार ? कह रहे थे, अगर हम गर्ग साहब के साथ पूरी शिद्दत से नहीं लगते ? तो एक साहब तो कर ही चुके थे बँटाधार ? कहने वाले ने कहा, विधायक जी पार बार इन शब्दों को कहकर कार्यकताओं का खींच रहे थे अपनी और ध्यान ? जब भी उनके मुख से निकलते थे ये शब्द, तब उनके चेहरे पर आ जाती थी जालिम वाली मुस्कान ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सिर्फ.ये ही नहीं साहब से नाराजगी को लेकर विधायक जी का कि स्सा ? इस कि स्से से हटकर है दूसरे कि स्से में दूसरे विधायक जी का हिस्सा ? जब विधायक जी को किसी ने कराया जीत दर्ज करने के बाद साहब के खिलाफ हार्ड हुए गर्ग साहब के शब्दों का एहसास ? कहा जीत के जोश में काफी कुछ कह गये भाईसाहब ? इन शब्दों को सुनकर इन विधायक जी ने रियेक्ट किया तुरंत ? कहा गर्ग जी ने तो साहब के खिलाफ कुछ खास नहीं बोला ? अगर मिलता हमकों बोलने के लिये माइक ? तब हमारे शब्दों का कुछ और ही होता तंत ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पानी वालों का एक पूर्व जाट जनप्रतिनिधि ने दुखाया हुआ है दिल ? सुना है वो किसी से कर रहे थे अपने दिल का दर्द बयान ? कह रहे थे ऐसे लोगों को दी गई थी चुनाव में ज़िम्मेदारी ? जो सोच समझकर अपने खास लोगों को ही कर रहे थे पास जारी ? कुछ ऐसा ही किया इन सम्मानित जाट नेता जी ने भी मेरा साथ ? मेरे सीधे होने का फायदा उठाया जाता है बेहिसाब ? सुन है पानी वालों के मुख से निकल रही थी काफी ज्यादा आग ? अगर हम उनसे कुछ दूर ना बैठे होते तो हो गये होते राख ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि साइकिल वाले पंडित ब्रदर की मैं जब भी देखता हूँ राजनीतिक गतिविधियों तो मैं हो जाता हूँ हैरान ? एक ब्रदर तो हंड्रेड परसेंट भैयावादी है ? मगर बाक ी ब्रदर की राजनीति में क्या भूमिका है, मुझको समझ नहीं आता श्रीमान ? चुनाव के टाइम एक ब्रदर ने करा दिया था खुद के भगवा होने का एहसास ? मगर चुनाव के बाद ये भैया जी के पास फूलों वाला बुके लेकर छोटे भाई के साथ पहुँच गये बड़े वाले भाईसाहब ? इन शब्दों को सुनकर दिया एक चेहरे ने ज्ञान ? कहा अगर बड़े भाईसाहब शिष्टाचार वाली परंपरा निभा रहे है तो तुम क्यों हो रहे हो परेशान ? उन्होंने कौन सी की है पार्टी जॉइन ? किसी को बधाई देना होता है समाजिका निभाने में मामला फाइन ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ में हो रहा बड़े बड़े नेताओं के बूथ पर कम पड़ी हुई वोटों का बहिखाता तैयार ? सुना है चोटीवाले जी को ऑफ द रिकॉर्ड दिया है देने वालों ने ये प्रभार ? चोटीवाले वाले भी पूरी शिद्दत से कर रहे है ये वाला काम ? अबतक वो 40 नेताओं का आँकड़ा निकल चुके है बिना किए हुए आराम ? त्याग की भावना रखने वाले इस चेहरे का शुरू से रहा है अन्दाज खास ? ये मौके पर जाकर बांधते है सामने वाले का इलाज ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सांसद अतुल गर्ग व विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया यूपी स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद,करंट क्राइम। गत 4 जून से चल रहे यूपी अंडर-19 बैडमिंटन टूर्नामेंट का विधिवत समापन नवनिर्वाचित सांसद अतुल गर्ग एवं मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। टूर्नामेंट के समापन समारोह की अध्यक्षता गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसियेशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन एसोसियेशन के सचिव नरेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर गुलशन भांवरी, बीएल बत्रा, अनिल कौशिक, राजेंद्र मैदी वाले, सुनील दत्त त्यागी, सुमित कुमार,प्रमोद कुमार, संजीव कुमार, शिखा, दिशा यादव एवं आकांक्षा यादव आदि मौजूद रहे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में बालिका डबल्स में आगरा, अलीगढ़,प्रयागराज, गोरखपुर एवं नोएडा की दिव्यांशी गौतम, रिद्धिमा सिंह, रमा सिंह, सुजाता सिंह, वगीशा ,मनीष श्रीवास्तव, आदित्य यादव व श्रुति चौहान रहीं। वहीं बालक डबल्स में अर्चित सिन्हा, शिवम वर्मा, उज्जवल तोमर, कपिल सलौनिया,अतुल एव प्रदीप कुमार रहे। मिक्स डबल्स में शिवम वर्मा, सुजाता सिंह, उज्जवल तोमर, आदित्य यादव, अर्चित सिन्हा, रमा सिंह, रिधि भारद्वाज रहे। बालिका सिंहल में दिव्यांशी गौतम,कपिल पंवार, रिधि भारद्वाज, रुद्राक्ष राना रहे बालक सिंहल में नीर नेहवाल, आराध्या शर्मा, प्रभाष कुमार कुशवाहएवं अश्वनी सिंह रहे। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार 8000,द्वितीय पुस्कार 6000, तृतीय पुरस्कार 3000 और चतुर्थ पुरस्कार 3000 रुपये का अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को दिया गया। टूर्नामेंट में उन्नाव, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, लखनऊ तथा बस्ती के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया।

# एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में लाइफ स्टाइल पर व्याख्यान माला आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में लाइफस्टाइल मैनेजमेंट और स्वस्थ जीवन पर एक सूचनात्मक अतिथि व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल वैशाली के वरिष्ठ निदेशक कार्डियोलॉजी डॉ.आनंद कुमार पांडे ने शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। व्याख्यान माला में संतुलित पोषण, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और हानिकारक आदतों से बचने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

डॉ. पांडे ने संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की प्रारंभिक पहचान के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का समापन एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ जहां उपस्थित लोगों ने डॉ. पांडे से व्यक्तिगत सलाह भी ली।

इस सफल आयोजन के संयोजक पीयूष श्रीवास्तव प्रो.वाइस चांसलर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी और सह संयोजक प्रो. डॉ. ज्योत्सना पंडित रहीं। डॉ. पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि यह सूचनात्मक सत्र हमारे समुदाय में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को उजागर करता है जो छात्रों और व्यापक समुदाय के बीच स्वस्थ जीवन और कल्याण को प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण साबित होगा।

# क्षत्रिय समाज की शोभायात्रा 9 जून को



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** आगामी 9 जून रविवार को क्षत्रिय समाज की ओर से नंदग्राम के महाराणा प्रताप चौक से सायं तीन बजे शोभायात्रा निकाली जा रही है। क्षत्रिय समाज के आयोजकों ने बताया किवर्ष 2019 से क्षत्रिय समाज लगातार यह ऐतिहासिक शोभायात्रा निकालता आ रहा है।

उन्होंने बताया कि यात्रा के बाद 7 बजे से एक लाइट शो का आयोजन भी किया जा रहा है जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315
8630290003

## चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग संसद भवन के केन्द्रीय सभागार में पहुंचे। भारतीय संविधान को नमन किया और इस पल को अपना सौभाग्य बताया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।